आवस्यकता है
दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस
हिंदी समाचार पत्र में उत्तरप्रदेश के सभी जनपदों से पत्रकारों की संपर्क करें 9953840820

हापुड़ उत्तरप्रदेश से प्रकाशित, दिल्ली,गाजियाबाद,नोएडा,शामली,अमरोहा,मेरठ,लखनऊ से प्रसारित

दैनिक उजाला हितैषी एक्सप्रेस

सबका हित सबका विकास

वर्ष : 5 | अंक : 143 | हापुड़, मंगलवार 10 दिसंबर 2024 | RNI.NO. UPHIN/2020/86789 | मूल्य:03 | पेज़: 06

'आप कब्जा करने आएंगे तो हम क्या बैठकर लॉलीपाप खाते रहेंगे' - ममता का बांग्लादेशी नेताओं पर कटाक्ष

कोलकाता । पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कुछ बांग्लादेशी नेताओं के इन भड़काऊ बयानों पर सोमवार को कड़ी प्रतिक्रिया जाहिर की जिनमें कहा गया है कि बांग्लादेश कुछ ही दिनों में बंगाल, बिहार और ओडिशा पर कब्जा कर सकता है। बनर्जी ने इन बयानों को खारिज करते हुए इन्हें 'बेतुका' करार दिया और कहा कि ''आप बंगाल, बिहार और ओडिशा पर कब्जा करेंगे और हम बैठकर लॉलीपाप खाते रहेंगे ?पश्चिम बंगाल विधानसभा को संबोधित करते हुए बनर्जी ने किसी का नाम लिए बिना सीमा के इस ओर कुछ फर्जी वीडियो प्रसारित किए जाने की निंदा की तथा एक दल विशेष पर राज्य में तनाव फैलाने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के उत्पीड़न की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया तथा भारत के धार्मिक समुदायों के बीच एकता की आवश्यकता पर बल दिया। बनर्जी ने सीमा पार से आए भड़काऊ बयानों को पूरी तरह से खारिज किया। सीमा पार बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के एक नेता ने कहा था कि बांग्लादेश का बंगाल, बिहार और ओडिशा पर दावा है। सोशल मीडिया पर वायरल एक अन्य वीडियो में बांग्लादेशी सेना के पूर्व सैनिकों को यह कहते सुना जा सकता है कि बांग्लादेश कुछ ही दिनों में पश्चिम बंगाल पर कब्जा कर सकता है। ममता बनर्जी ने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ''आप बंगाल, बिहार और ओडिशा पर कब्जा कर लेंगे और हम लॉलीपॉप खाते रहेंगे ? ऐसा सोचना भी मत! किसी में हमारी जमीन लेने की हिम्मत नहीं है, इस बारे में सोचना भी मत!''बनर्जी ने हाल ही में बांग्लादेश के कुछ नेताओं द्वारा दिए गए भड़काऊ बयान का मखौल उड़ाते हुए कहा, ''शांत और स्वस्थ रहें तथा मानसिक शांति रखें।'' उन्होंने भारत में स्थिति का राजनीतिकरण करने की कोशिश करने वालों को भी आगाह किया तथा कहा कि ऐसे कदमों से पश्चिम बंगाल और उसके लोगों को नुकसान होगा। बनर्जी ने कहा, ''जो लोग इसका राजनीतिकरण करने की सोच रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि इससे हमारे राज्य को भी नुकसान पहुंचेगा, तथा बांग्लादेश में आपके मित्रों, बहनों और भाइयों को भी।'' उन्होंने कहा, ''एक विशेष राजनीतिक दल आग भड़काने के लिए फर्जी वीडियो प्रसारित करने के लिए जिम्मेदार है। मैं सभी से ऐसी गलत सूचनाओं से दूर रहने की अपील करती हूं। हम किसी एक समूह के पक्ष में नहीं हैं, हम यहां सभी की परवाह करते हैं।''बनर्जी ने संयम बरतने का आग्रह करते हुए कहा, ''हमें अनावश्यक रूप से ऐसे बयान नहीं देने चाहिए, जिससे यहां के हालात खराब होने की आशंका हो।''मुख्यमंत्री ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों, विशेषकर हिंदुओं पर जारी उत्पीड़न की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया तथा भारत के धार्मिक समुदायों के बीच एकता की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा, ''हम बांग्लादेश में हिंदुओं पर जारी हिंसा की निंदा करते हैं। सांप्रदायिक हिंसा हिंदू, मुस्लिम, सिख या ईसाई द्वारा नहीं की जाती है; यह समाज पर बोझ बनने वाले असामाजिक तत्वों द्वारा की जाती है। हम सभी को यह याद रखना चाहिए और ऐसे बयान देने से बचना चाहिए जो पश्चिम बंगाल में शांति को नुकसान पहुंचा सकते हैं।''बांग्लादेश में हिंदू समुदाय सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह है। पूरे समुदाय को पांच अगस्त को प्रधानमंत्री शेख हसीना के इस्तीफे के बाद उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनके खिलाफ लगातार हिंसा बढ़ रही है और विस्थापित होने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। बनर्जी ने मीडिया से बांग्लादेश मुद्दे की कवरेज में सावधानी बरतने को कहा, विशेष रूप से फर्जी वीडियो के प्रसार के संबंध में। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा, ''यह उत्तर प्रदेश या राजस्थान नहीं है जहां हम आपको प्रतिबंधित कर देंगे या गिरफ्तार कर लेंगे। लेकिन मैं आपसे जिम्मेदार होने का अनुरोध करती हूं। कई फर्जी वीडियो प्रसारित हो रहे हैं। एक राजनीतिक दल आग लगाने की कोशिश कर रहा है। दोनों समुदायों को इस पर नजर रखनी चाहिए।''बनर्जी ने राज्य में संभावित विरोध प्रदर्शनों पर चिंता व्यक्त करते हुए संयम बरतने का आग्रह किया और कहा कि कई अल्पसंख्यक समूह विरोध मार्च निकालना चाहते थे, लेकिन उन्होंने उनसे ऐसा न करने को कहा था। मुख्यमंत्री ने आगाह किया कि कुछ लोग इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर सकते हैं और इसका इस्तेमाल सांप्रदायिक दंगे भड़काने के लिए कर सकते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया, ''हम दंगे नहीं चाहते हैं; हम शांति चाहते हैं। हिंदुओं और मुसलमानों तथा सभी अन्य समुदायों की रगों में एक ही खून बहता है। हम सभी गौरवान्वित भारतीय हैं।''बनर्जी ने पश्चिम बंगाल की धर्मनिरपेक्ष प्रकृति की भी प्रशंसा की तथा कहा कि राज्य के हिंदू और मुसलमान दोनों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचार की निंदा की है। उन्होंने कहा, ''मैं आभारी हूं कि जहां हिंदू विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं, वहीं इमामों ने बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अत्याचारों की निंदा करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की। यह दिखाता है कि धर्मनिरपेक्षता का उदाहरण पेश करने में पश्चिम बंगाल सबसे आगे है।''बांग्लादेशी नागरिकों द्वारा पश्चिम बंगाल में दाखिल होने की कोशिश के मामले पर बनर्जी ने कहा कि सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) स्थिति पर नजर रख रहा है। उन्होंने कहा, ''हम इस पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। जिनके पास पैसा है वे विमान या ट्रेन से आ रहे हैं, लेकिन गरीब लोग नहीं आ सकते। हम सीमा के मुद्दे को नहीं देखते। केंद्र को इसे संभालने दीजिए। बीएसएफ हमारी सीमाओं पर नजर रख रही है।'' मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार और पार्टी तृणमूल कांग्रेस विदेश मंत्रालय के दिशा-निर्देशों का पालन करेगी और बिना बताए कुछ नहीं बोलेगी। उन्होंने कहा, ''हमारे विदेश सचिव बातचीत के लिए बांग्लादेश में हैं। हमें जरूरत से ज्यादा बात नहीं करनी चाहिए। हमें नतीजे का इंतजार करना चाहिए। हम जिम्मेदार नागरिक हैं। हमारा देश एकजुट है।''

दिल्ली के 40 स्कूलों को एक साथ फिर मिली बम से उड़ाने की धमकी, 'आप' ने बोला केंद्र पर हमला

नई दिल्ली । दिल्ली में एक बार फिर 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इस धमकी के बाद स्कूल पहुंचे बच्चों को वापस घर भेज दिया गया है। सावधानी के तौर पर फायर ब्रिगेड और सुरक्षा विभाग की टीमें स्कूलों में जांच कर रही है। सोमवार की सुबह 7 बजे आरके पुरम के डीपीएस, पश्चिम विहार के जीडी गोयनका स्कूल, मदर मैरी स्कूल समेत 40 स्कूल मैनेजमेंट को बम की धमकी भरा ईमेल आया है। ये मामला सामने आते ही सबसे पहले बच्चों को घर भेजा गया और पुलिस को जानकारी दी गई। फायर डिपार्टमेंट और दिल्ली पुलिस की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी के नेताओं ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार पर हमला बोलना शुरू कर दिया है। दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी ने सोशल मीडिया के जरिए केंद्र पर निशाना साधते हुए लिखा, दिल्ली में रोजमर्रा होने वाली फिरौती, हत्याओं, गोलीबारी की घटनाओं के बाद अब स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकियाँ मिल रही है। दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर की ऐसी बदहाल हालत पहले कभी नहीं रही। भाजपा शासित केंद्र सरकार दिल्ली वालों को सुरक्षा देने के अपने इकलौते काम में फेल हो चुकी है। इस खबर को देखते हुए आम आदमी पार्टी के राशि संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी सोशल मीडिया के जरिए लिखा, दिल्ली वालों ने दिल्ली में कानून व्यवस्था की इतनी बुरी हालत पहले कभी नहीं देखी थी। अमित शाह को आकर दिल्ली वालों को जवाब देना चाहिए। वहीं दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने भी कहा, दिल्ली के 40 स्कूलों में बम की यह धमकी दिल दहला देने वाली है। ईश्वर सब ठीक रखें। दिल्ली में लगातार हो रही घटनाओं को लेकर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल, मुख्यमंत्री आतिशी समेत सभी नेता लगातार केंद्र सरकार पर हमलावर बने हुए हैं। इनका कहना है कि केंद्र सरकार के पास एक ही जिम्मेदारी है वह भी सुरक्षा व्यवस्था की। जिसको लेकर केंद्र सरकार का गृह मंत्रालय पूरी तरीके से फेल हो चुका है और लगातार दिल्ली में घटनाएं होती जा रही है। दिल्ली के स्कूलों में मिली इस धमकी को लेकर अब दिल्ली में राजनीति गर्माने लगी है। एक तरफ जहां आम आदमी पार्टी लगातार सुरक्षा व्यवस्था के मामले में केंद्र सरकार को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रही थी वही इस बम की घटना से आप को दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले केंद्र सरकार को घेरने का एक और मौका मिल गया है।

मुर्मु मानवाधिकार दिवस समारोह को संबोधित करेंगी

नई दिल्ली । राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु कल यहां मानवाधिकार दिवस पर आयोजित समारोह को संबोधित करेंगी। मानवाधिकार दिवस हर वर्ष 10 दिसंबर को मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकार को अपनाया था और इसकी सर्वव्यापी घोषणा की थी। यह मानवाधिकारों के संरक्षण और संवर्धन के लिए एक वैश्विक निर्देश चिन्ह (बेंचमार्क) के रूप में कार्य करता है।

राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग मानवाधिकार दिवस को दुनिया भर के विभिन्न हितधारकों के लिए अपने कार्यों और जिम्मेदारियों पर विचार करने के अवसर के रूप में देखता है। मानवाधिकारों की सर्वव्यापी घोषणा इस सिद्धांत को दर्शाती है कि सभी मनुष्य स्वतंत्र और समान पैदा होते हैं, उन्हें जीवन, स्वतंत्रता और सुरक्षा, कानून के समक्ष समानता और विचार, विवेक, धर्म, राय तथा अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार है। यह सिद्धांत भारत के संविधान और मानवाधिकार संरक्षण अधिनियम (पीएचआरए), 1993 में भी परिलक्षित होता है, जिसने 12 अक्टूबर, 1993 को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी), भारत की स्थापना के लिए कानूनी ढांचा प्रदान किया।

इस अवसर पर मानवाधिकार आयोग की कार्यवाहक अध्यक्ष विजया भारती सयानी, महासचिव भरत लाल, वरिष्ठ अधिकारी, वैधानिक आयोगों के सदस्य, राज्यों के मानवाधिकार आयोग, राजनयिक, नागरिक समाज और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहेंगे। इस कार्यक्रम के बाद ' मानसिक स्वास्थ्य- कक्षा से कार्यस्थल तक तनाव से निपटना ' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा।

हर चीज को वोटबैंक की तराजू पर तोलने वाले परेशान- मोदी

पानीपत । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को विपक्ष पर हमला करते हुए कहा कि हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। श्री मोदी ने यहां भारतीय जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि हरियाणा ने एक है तो सेफ है के मंत्र को अपनाकर पूरे देश में नया उदाहरण पेश किया है और अब दूसरे राज्य के लोग भी इसका अनुसरण करने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब तक हर चीज को वोट बैंक की तराजू पर तोलने वाले लोग बहुत परेशान हैं और उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि चुनाव दर चुनाव मोदी के खाते में माताओं, बहनों, बेटियों का आशीर्वाद बढ़ता ही क्यों जा रहा है। जिन लोगों ने माताओं-बहनों को सिर्फ वोट बैंक समझा, वो इस मजबूत रिश्ते को समझ भी नहीं पाएंगे। उन्होंने अपने पहले के दो कार्यकालों में महिलाओं के हित में लिए गए निर्णयों और उनके लिए शुरू की गई योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि आज देश भर की 10 करोड़ बहनें स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हैं। उनसे जुड़कर महिलाओं की कमाई हो रही है। बीते 10 वर्ष में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा की मदद दी गई है। उन्होंने कहा मैं देशभर में स्वयं सहायता समूह की बहनों को भी कहूंगा आपकी भूमिका असाधारण है, आपका योगदान बहुत बड़ा है। आप सभी भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने में जुटी हैं। श्री मोदी ने कहा कि आज लाखों बेटियों को बीमा एजेंट, बीमा सखी बनाने का अभियान शुरू हो रहा है यानी जिस सेवा का लाभ पाने से कभी वो वंचित रहीं, आज उसी सेवा से दूसरे लोगों को जोड़ने का जिम्मा उन्हें दिया जा रहा है। आजादी के 60-65 साल बाद भी अधिकतर महिलाओं के पास बैंक खाते नहीं थे, यानी महिलाएं बैंकिंग सुविधाओं से कटी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने कहा इसलिए हमारी सरकार ने सबसे पहले माताओं-बहनों के जनधन खाते खुलवाए। आज मुझे गर्व है कि जनधन योजना से 30 करोड़ से अधिक महिलाओं के खाते खुले हैं। नारी को सशक्त करने के लिए बहुत आवश्यक है कि उन्हें आगे बढ़ने के खूब अवसर मिलें, उनके सामने से हर बाधा हटे। जब नारी को आगे बढ़ने का अवसर मिलता है, तो वो देश के सामने अवसरों के नए द्वार खोल देती हैं। उन्होंने कहा कि लंबे समय तक देश में ऐसे अनेक काम थे जो महिलाओं के लिए वर्जित थे। भाजपा की सरकार ने बेटियों के सामने से हर बाधा को हटाने की ठानी है। उन्होंने कहा, अभी यहां (पानीपत) देश की बहनों-बेटियों को रोजगार देने वाली बीमा सखी योजना का शुभारंभ किया गया है। मैं देश की सभी बहनों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। श्री मोदी ने कहा कुछ वर्ष पहले मुझे, पानीपत से %बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान शुरू करने का सौभाग्य मिला था। इसका सकारात्मक प्रभाव हरियाणा के साथ-साथ पूरे देश में हुआ। अब 10 वर्ष बाद, इसी पानीपत की धरती से बहनों-बेटियों के लिए %बीमा सखी योजना का प्रारंभ हुआ है। हमारा पानीपत नारीशक्ति की प्रतीक भूमि बन गया है। उन्होंने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण की दिशा में भारत एक और मजबूत कदम उठा रहा है। आज का दिन और भी वजहों से विशेष है। आज 9 तारीख है, शास्त्रों में 9 अंक को बहुत शुभ माना जाता है। 9 अंक नवदुर्गा की नव शक्तियों से जुड़ा है। 9 दिसंबर के दिन ही संविधान सभा की पहली बैठक हुई थी। आज जब देश संविधान के 75 वर्ष का महोत्सव मना रहा है, 9 दिसंबर की ये तारीख हमें समानता और विकास को सर्वस्पर्शी बनाने की प्रेरणा देती है।

अदाणी मामले को लेकर विपक्ष ने संसद परिसर में प्रदर्शन किया

नई दिल्ली । विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' (इंडिया) के कई घटक दलों के सांसदों ने अदाणी समूह से जुड़े मुद्दे को लेकर सोमवार को संसद परिसर में विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस, द्रमुक, शिवसेना (उबाठा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कुछ अन्य दलों के सांसदों ने संसद भवन के 'मकर द्वार' के निकट एकत्र होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ नारे लगाए और जवाबदेही तय किए जाने की मांग की। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए। विपक्षी सदस्यों ने 'मोदी अदाणी एक हैं' और 'वीट वांट जस्टिस' (हम न्याय चाहते हैं) के नारे लगाए। कांग्रेस सांसद शिवाजी कलगे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मणिकम टैगोर ने उद्योगपति गौतम अदाणी का मुखौटा पहन रखा था। राहुल गांधी ने मुखौटा पहने दोनों कांग्रेस सांसदों का वीडियो बनाया और उनसे प्रतीकात्मक रूप से सवाल-जवाब किए। उन्होंने दोनों का वीडियो साझा करते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''यह एक पुराना और खास रिश्ता है।'' तृणमूल कांग्रेस, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी इस विरोध प्रदर्शन से दूर रहीं। भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया है कि 'इंडिया' गठबंधन बिखर गया है। हालांकि सपा के वरिष्ठ नेता राम गोपाल यादव का कहना है कि गठबंधन में सबकुछ ठीक है। रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के आरोपों में अदाणी समूह के प्रमुख गौतम अदाणी और कंपनी के अन्य अधिकारियों पर अमेरिकी अभियोजकों द्वारा अभियोग लगाए जाने के बाद कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल संयुक्त संसदीय समिति से आरोपों की जांच कराए जाने की मांग कर रहे हैं।

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने हाल ही में इस मामले को लेकर उद्योगपति गौतम अदाणी की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की थी। अदाणी समूह ने सभी आरोपों को आधारहीन बताया है।

योगी सरकार खोल रही गोरखपुर, भदोही में पशु चिकित्सा महाविद्यालय

लखनऊ । पशु संपदा के मामले में कभी उत्तर प्रदेश का पूर्वांचल बेहद संपन्न हुआ करता था। ताल तलैया और नदियों के दोआब में ये पशु मस्ती से चरते थे और प्यास लगने पर छककर पानी पीते थे। कुछ दशकों से यह सिलसिला टूट गया। उत्तर प्रदेश पशुधन विकास परिषद ने अपनी स्थापना के शुरुआती दिनों में एक स्टडी की थी। उसके अनुसार उत्तर प्रदेश, खासकर पूर्वांचल के अधिकांश पशु कुपोषण के शिकार हैं। इससे न केवल संबंधित पशु की सेहत और उत्पादकता प्रभावित हो रही है, बल्कि दुग्ध उत्पादन भी प्रभावित हो रहा है। स्टडी में यह भी पता चला था कि पशुओं में बढ़ते बांझपन की एक प्रमुख वजह भी कुपोषण है। पर, अब ऐसा नहीं होगा। गोचर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त करने के लिए योगी सरकार ने जो अभियान चलाया है उससे पशुओं को चरने की पर्याप्त जमीन मिलेगी। साथ ही गोरखपुर के ताल नदौर और भदोही में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा नस्ल सुधार के जरिये यहां के पशुओं की सेहत भी सुधरेगी और दूध का उत्पादन भी बढ़ेगा। इससे उत्तर प्रदेश, सटे हुए बिहार और नेपाल के पशुपालकों को भी लाभ होगा, पर पूर्वांचल के पशुपालकों को होगा सर्वाधिक लाभ होगा। फिलहाल दूध के उत्पादन के मामले में उत्तर प्रदेश देश में नंबर वन है। कुल उत्पादन में यूपी का योगदान करीब 16त्न है। योगी सरकार के इस कदम से यकीनन आने वाले समय में प्रदेश में दूध का उत्पादन और बढ़ेगा। इससे दूध के उत्पादन में यूपी की बादशाहत भविष्य में भी और मुकम्मल तरीके से बरकरार रहेगी। गोरखपुर और भदोही के दोनों महाविद्यालय पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा से संबद्ध होंगे। गोरखपुर में महाविद्यालय की स्थापना के लिए गोरखपुर-वाराणसी हाईवे पर स्थित ताल नदोर में 80 एकड़ भूमि चिन्हित की गई है। पहले चरण के निर्माण पर 228 करोड़ रुपये की लागत आएगी। फरवरी 2024 के बजट में इसके लिए योगी सरकार 100 करोड़ रुपए आवंटित भी कर चुकी है। बीते दिनों मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ताल नदौर का दौरा कर पशु चिकित्सा महाविद्यालय को मॉडल के रूप में विकसित करने के निर्देश दिए थे। इस महाविद्यालय में हाईटेक सुविधाएं होंगी, जिनमें हॉस्पिटल ब्लॉक, एकेडमिक ब्लॉक, स्टाफ क्वार्टर, छात्रावास जैसी मूलभूत सुविधाएं शामिल हैं। योगी सरकार की मंशा भविष्य में इसे विश्वविद्यालय के रूप में अपग्रेड करने की है। मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में भदोही में जिस पशु चिकित्सा महाविद्यालय की घोषणा की थी उस पर भी तेजी से अमल हो रहा है। इस बाबत जोरईं और वेदपुर गांव में 15 एकड़ जमीन भी चिह्नित कर ली गई थी। फरवरी 2024 में प्रदेश के बजट में इसके निर्माण के लिए 50 करोड़ रुपये का बजट स्वीकृत हो चुका है। कॉलेज एवं कॉम्प्लेक्स निर्माण के लेकर मथुरा के वेटरनरी विश्वविद्यालय से कई विशेषज्ञ पूर्व में आकर हरी झंडी दे चुके हैं। भदोही में बनने वाले पशु चिकित्सा महाविद्यालय के 10 एकड़ में कालेज का एकेडमिक भवन, प्रयोगशाला और हॉस्टल का निर्माण होगा। पांच एकड़ में ब्लॉक लेबल कोर्ट कॉम्प्लेक्स का निर्माण होना है। उच्च शिक्षा विभाग से भी इसके निर्माण को एनओसी मिल चुकी है। कॉलेज में स्नातक, स्नातकोत्तर और पशु चिकित्सा से संबंधित पढ़ाई होगी। कॉलेज के बनने से पूर्वांचल के दस जिलों के युवाओं को इसका लाभ मिलेगा।

संपादकीय

कैसे करें मन परिवर्तन

मन मानव के व्यक्तित्व का महत्वपूर्ण अंग है। यह उसकी आत्मा को प्रदर्शित करता है। यद्यपि यह शरीर से संबंधित है परन्तु शरीर के अधीन नहीं। इसका अपना महत्व और प्रभाव है। मन का मुख्य कार्य है संकल्प और विकल्प। यह ही विचारों का जन्मदाता है- अच्छे बुरे दोनों तरह के विचारों का। सभी प्रकार की इच्छाएं मन में ही जन्म लेती है। मन वर्तमान से संतुष्ट नहीं होता और भविष्य के सुनहरे स्वप्न निरंतर देखता रहता है। जो उसके पास नहीं है उसे प्राप्त करने का निरंतर प्रयास करता रहता है और जो है उसका अहसास नहीं करता। इसलिए मन में एक के बाद दूसरी इच्छाएं निरंतर जन्म लेती रहती है, कभी किसी वस्तु को पाने की इच्छा और कभी औरों से अपनी प्रशंसा सुनने की। ये इच्छाएं मानव मन को इस प्रकार घेर लेती है कि मानव द्वारा उठाया गया प्रत्येक कदम किसी न किसी इच्छा पूर्ति की दिशा की ओर ही होता है। मानव के संतोष और असंतोष का जन्मदाता तथा कर्मों का आदि और अन्त भी मन ही है। मन ही भाग्य निर्माता है। बड़ा चंचल है मन। इसी ने इन्द्रिय सुख की प्राप्ति को जीवन का प्रमुख लक्ष्य बना रखा है। गुरु-पीर-पैगम्बर, संत महात्मा इसीलिए मान कर चलते हैं कि मन को वश में करना असंभव नहीं तो अति कठिन अवश्य है। कैसे करें इस चंचल मन को वश में? मन जानता है कि शरीर इन्द्रिय सुखों का भूखा है। यह उस नौकर की भांति है जिसको पता है कि मेरा मालिक मादक पदार्थों के लिए मेरे पर ही निर्भर है और मेरे साथ बैठकर उन पदार्थों का सेवन करता है। जिस प्रकार ऐसे नौकर को वश में रखना कठिन है, उसी प्रकार न को वश में रखना असंभव नहीं तो सुगम भी नहीं है। अत: मन को वश में रखने के लिए इन्द्रिय सुखों की लालसा को छोड़ना आवश्यक है। जब तक इन्द्रिय सुख पाने की लालसा बनी हुई है तब तक मन को वश में नहीं किया जा सकता। अज्ञानतावश ही मन भौतिक पदार्थों की प्राप्ति तथा संचय में आनन्द की खोज करता है। वह भूल जाता है कि जो वस्तुएं स्वयं नाशवन हैं, वे शाश्वत सुख कैसे प्रदान कर सकती हैं। इसमें संदेह नहीं कि ये भौतिक पदार्थ कुछ समय तक तो आनन्द प्रदान कर सकते हैं परन्तु बाद में वे या तो अपना महत्व खो देते हैं अथवा सुख का कारण नहीं बन पाते। इसलिए शाश्वत् आनन्द की प्राप्ति के लिए मन को नियंत्रण में रखना आवश्यक है परन्तु कैसे? मन क्योंकि सृष्टि का रूप है और सृष्टि में ही विचरता है इसलिए इसमें प्रतिपल प्रतिक्षण निरन्तर इच्छाएं जन्म लेती रहती हैं। जिस प्रकार आंखों को देखने से बंद नहीं किया जा सकता, कानों को सुनने से नहीं रोका जा सकता और हृदय को धड़कने से नहीं रोका जा सकता, उसी प्रकार मन को संकल्प और विकल्प से नहीं रोका जा सकता। हां इसकी दिशा परिवर्तित की जा सकती है। आंखें शुभ देखें, कान शुभ सुनें और मन अच्छा सोचे। मन की दिशा परिवर्तन के लिए न का नाता सृष्टि की अपेक्षा सृष्टा से, नाशवान असत्य की अपेक्षा शाश्वत् सत्य से जोड़ना होगा जो आनन्द और दिव्य गुणों का स्रोत है। उसकी भौतिक वस्तुओं के प्रति लालसा धीरे-धीरे समाप्त होती चली जाती है। उसे भौतिकता नीरस प्रतीत होती है। उसे आनन्द प्राप्त होता है हरिदर्शन में, हरिचर्चा में। वह बीती हुई बात को याद नहीं करता, भविष्य की चिन्ता नहीं करता और वर्तमान में प्राप्त हुए सुख-दु:ख को अनासक्त भाव से ग्रहण करता है। उस प्रकार वह जीवन रहते हुए ही मुक्तावस्था को प्राप्त कर लेता है। इस प्रकार मन भौतिकता से आध्यात्मिकता की ओर सहज ही परिवर्तित हो जाता है और जीवन व्यतीत होता है आनन्द से।

खुशियों की ओर चार कदम

हम सभी घर, ऑफिस और अन्य जिम्मेदारियों के बीच कई बार खुद को खोया महसूस करते हैं। अगर इस बीच खुद से मुलाकात कराने वाला कोई मौका सामने आता है तो मन फूला नहीं समाता। तो आइए, ऐसे ही कुछ आसान मौके अपने लिए खुद बनाना सीखें। -छोटी-छोटी चीजें आपके तनाव को कम करने में बहुत कारगर होती हैं। जैसे कि बॉडी स्पा जाना, बालों का स्पा करवाना, अपने लिए सुंदर सा टी मग खरीदना, खुद का कोई फेवरिट फूड आइटम रेस्तरां में जाकर खाना या अपने कमरे में कोई नई तस्वीर लगाना आदि। -डांस करें। डांस करना बिगड़े मूड को बना देता है। इसके लिए डिस्को थेक जरूरी नहीं। बस कमरा बंद करें, गाने का वॉल्यूम बढ़ाएं और शीशे के सामने ही कुछ वक्त तक डांस करें। आप किसी खास तरीके का डांस सीख कर उसका इस्तेमाल एक्सरसाइज के रूप में भी कर सकती हैं। -कोई खेल आप में जितनी ऊर्जा भर सकता है, उसकी तुलना किसी और चीज से नहीं की जा सकती। अपने मूड को बदलने के लिए स्पोर्ट्स का रुख करें। बैडमिंटन, साइकलिंग से लेकर एडवेंचर स्पोर्ट्स जैसे बंजी जम्पिंग, राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग आदि अच्छे विकल्प साबित हो सकते हैं। -आप भी कभी न कभी तनाव दूर करने के लिए अकेले टहलने गई होंगी। क्यों न इसे अपने लाइफस्टाइल का हिस्सा बना लें। असर आप खुद महसूस करेंगी। टहलने के दौरान गहरी सांस लें। टहलने के लिए सुबह का वक्त चुनें, ताकि प्रदूषण से दूर रह सकें।

10 दिसंबर 2024 का पंचांग

सूर्योदय- 07.01 प्रात-
सूर्यास्त- 05.37 सायं
सूर्य राशि- वृश्चिक।
चंद्र उदय- 1.39 दोपहर
चंद्र अस्त- 02.27 सायंकाल
चंद्रमा- मीन राशि में।

आचार्य सुकुल प्रसाद, ज्योतिष, हस्तरेखा, अंकशास्त्र एवं वास्तु विशेषज्ञ। मो-7078453594

विक्रम समवत 2081 अमांत महीना मार्गशीर्ष-09 पूर्णिमांत महीना मार्गशीर्ष-25 पक्ष- शुक्ल पक्ष 10, तिथि-दशमी प्रात- 03.43 तक बाद में एकादशी,नक्षत्र-उत्तराभाद्रपद दोपहर- 01.30 तक बाद में रेवती,
योग-व्यतिपात दोपहर- 10.02 तक बाद में वरीयान,करण-तैतिल दोपहर- 04.54 तक बाद में ग़र प्रात- 03.43 तक बाद में वणिज,राहु काल दोपहर- 3.00 से 04.30 बजे तक, कुलीक काल दोपहर- 12.00 से 01.30 बजे तक यमगंड प्रात- 09.00 से 10.30 बजे तक,अभिजीत मुहूर्त-प्रात- 11.58 से 12.40 तक दुमुहूर्त दोपहर- 09.08 से 09.51 तक व 10.59 से 11.53 तक अमृत काल- प्रात 08.59 से 10.29 तक ब्रह्म मुहूर्त-प्रात- 05.25 से 06.13 तक।

आज 10 दिसंबर का दैनिक राशिफल।

मेष-बातों को दिल पर ले जाएंगे, नींद में मुश्किल होगी, डिजिटल माध्यम से मँगाया सामान ठीक नहीं निकलेगा, किसी के लिए कुछ करे निस्वार्थ करे।
भाग्य प्रतिशत-50

वृषभ- गुरु की सलाह से कोई मार्ग मिलेगा, बैंक में कोई कागज जमा करने जा सकते है, कालिज का चुनाव लड़ने की तैयारी कर सकते है।
भाग्य प्रतिशत-61

मिथुन-नौकरी बचाने का संकट आ सकता है, माँ या पत्नी को कोई कष्ट भी सम्भव है, 12 वी कॉमर्स के छात्र को पढ़ने में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

कर्क- मेहनत बहुत करेंगे जल्दी परीणाम की आशा ना करें, अच्छे समबन्ध के बाद भी लोगों से मदद मिलनी मुश्किल है, आर्थिक स्तिथि बिगड़ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

सिंह- कमर्शियल प्रॉपर्टी किराये पर उठने में दिक्कत आयेगी,पब्लिशिंग प्रिंटिंग कार्य करते समय गलती सम्भव है ध्यान रखें, बीडीएस डॉक्टर की प्रेक्टिस चलेगी।
भाग्य प्रतिशत-50

कन्या- बनती व्यवसायिक बातचीत में कोई और दखल दे सकता है, शरीर में कोई कट भी लग सकता है, महँगी। चीज़ गुम हो सकती है।
भाग्य प्रतिशत-48

तुला- ऑफिस के हालात विपरित हो सकते है सम्भाले, नेता उग्र भाषण देने से बचे केस दर्ज हो सकता है, बाहर के भोजन से बचे पेट खराब हो सकता है।
भाग्य प्रतिशत-50

वृश्चिक- लोग विरुद्ध हो सकते है उलझना पड़ेगा, इलेक्ट्रोनिक उपकरण ठीक करवा सकते है, डिजिटल क्षेत्र की शिक्षा में मुश्किल होगी।
भाग्य प्रतिशत-48

धनु- कानूनी सलाह लेनी पड़ेगी, गृहस्थ सुख में अलगाव हो सकता है, जिद्दी पन भी बढ़ेगा, ठंड से बचें।
भाग्य प्रतिशत-48

मकर- उलझनों में रहेंगे, योजनाए बना तो रहे है लेकिन बाधाएं भी है घर परिवार को लेकर असुरक्षा बढ़ सकती है।
भाग्य प्रतिशत-50

कुम्भ- रिश्तेदारों से मिले तो समबन्ध बनाने का प्रयास करे, स्वयं से कुछ उनके लिए अच्छा भी करे, कोई भूल कर रहे है एकांत में विचार करे।
भाग्य प्रतिशत-50

मीन- पैतृक कार्य में मुश्किल होगी, पिछली बातें करके भावनात्मक असन्तुलन सम्भव है, नये रिश्ते जुड़ने से डर भी रहेगा।
भाग्य प्रतिशत-49

कलाकार को दुनियाभर से प्यार मिलना सबसे बड़ा आशीर्वाद- आयुष्मान खुराना

मुंबई । बॉलवुड अभिनेता और गायक आयुष्मान खुराना का मानना है कि एक कलाकार को सबसे बड़ी सौगात यह होती है कि उसे दुनियाभर के लोगों से प्यार और सम्मान मिलता है। वर्ष 2024 में, आयुष्मान के गाने 184 देशों के लोगों ने सुने, और यह उपलब्धि उन्हें बेहद विनम्र और प्रेरित महसूस कराती है। आयुष्मान ने कहा,कलाकार शायद दुनिया में सबसे ज्यादा प्यार पाने वाले लोग होते हैं, क्योंकि उन्हें दुनियाभर से स्नेह मिलता है। कला सीमाओं और भाषाओं को पार कर सकती है, लोगों को जोड़ सकती है, उन्हें उनकी रोजमर्रा की जिंदगी से बाहर ले जाकर खुशियों की दुनिया में ले जाती है। एक अभिनेता होने के बावजूद, और पूरा समय संगीत में नहीं देने के बावजूद, मेरे गानों को 184 देशों तक पहुंचते देखना मेरे लिए बहुत विनम्र अनुभव है। यह मुझे आगे भी संगीत बनाने के लिए प्रेरित करता है, जब मुझे अपनी फिल्मों से समय मिलता है। मैं आभारी हूं कि मैं क्रिएटिव आर्ट्स का हिस्सा हूं, हर दिन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने की कोशिश कर रहा हूं। हाल ही में, आयुष्मान ने अमेरिका में अपनी म्यूजिक टूर की, जिसमें उन्होंने अपनी चार्मिंग परफॉर्मेंस से शिकागो, सैन जोस, न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी और डलास में हाउसफुल शो किए। आयुष्मान हमेशा अपने दर्शकों और फैंस से जुड़ने का आनंद लेते हैं, और उनका संगीत उन्हें सबसे खास और अंतरंग तरीके से जुड़ने का मौका देता है। आयुष्मान ने कहा,मैं अपने सपनों को जी रहा हूं, एक अभिनेता, एक कवि, और एक गायक/संगीतकार के रूप में। मैं उन सभी का धन्यवाद करता हूं जिन्होंने मेरे गानों को सुना, जो मेरे कंसर्ट्स में आए। आपका समर्थन मेरे लिए सबकुछ है और यह मुझे और अधिक करने के लिए प्रेरित करता है। मुझे उम्मीद है कि आप मेरे संगीत को सुनते रहेंगे, मेरी फिल्में देखते रहेंगे, और हमेशा मनोरंजन प्राप्त करते रहेंगे। आयुष्मान दीवाली 2025 पर मैडॉक फिल्म्स की फिल्म थामा में नजर आएंगे। इसके अलावा, वह धर्मा-सिख्या प्रोडक्शन की एक अन्य दिलचस्प फिल्म में भी मुख्य भूमिका में होंगे।

नोरा फतेही का आए हाए म्यूजिक वीडियो मचा रहा धूम

मुंबई । अंतरराष्ट्रीय एक्ट्रेस नोरा फतेही का नया म्यूजिक वीडियो आए हाए खूब धूम मचा रहा है। इस वीडियो में उनके साथ गायक और रैपर करण औजला हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया और म्यूजिक चार्ट्स पर छाया हुआ है। नोरा ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक झलक साझा की, जिसमें उन्होंने सेट पर मस्ती भरे पलों को दिखाया। इस वीडियो में नोरा और करण औजला की हल्की-फुल्की बातचीत और पंजाबी में उनका तालमेल दर्शकों को खासा पसंद आ रहा है। नोरा ने इस पोस्ट के साथ लिखा, क्या यह भी कोई सवाल है.. हम तैयार ही पैदा हुए हैं! करण औजला आए हाय बीटीएस अभी हमारा नया म्यूजिक वीडियो देखें! गाने में नोरा अपने शानदार बीच लुक और आत्मविश्वास से भरे परफॉर्मेंस से हर किसी को आकर्षित कर रही हैं। स्टाइलिश बीचवियर में उनके डांस मूव्स और विजुअल्स गाने के ग्लैमरस और कूल वाइब्स को बखूबी दर्शाते हैं। प्रशंसकों ने उनके इस परफॉर्मेंस की जमकर तारीफ की और गाने को बार-बार सुनने की बात कही। नोरा के लिए यह साल भी बेहद खास रहा है।
यो यो हनी सिंह के साथ उनके पिछले ट्रैक पायल को मिली जबरदस्त सफलता के बाद आए हाए उनकी लोकप्रियता को और भी बढ़ा रहा है। हाल ही में नोरा ने अंतरराष्ट्रीय कलाकार सीके के साथ अपने गाने इट्स टू का बीटीएस वीडियो भी शेयर किया था, जिसमें वह हिंदी में गाते हुए नजर आईं। यह गाना भी फैन्स के बीच खूब पसंद किया गया। अब नोरा एक और बड़े अंतरराष्ट्रीय म्यूजिक वीडियो के लिए तैयार हैं। इस बार वह मशहूर कलाकार जेसन डेरुलो के साथ काम करेंगी। इस खबर ने उनके फैन्स के बीच उत्सुकता बढ़ा दी है और हर कोई उनके अगले धमाकेदार परफॉर्मेंस का इंतजार कर रहा है।

रणबीर कपूर ने पहली बार रामायण में अपने किरदार के बारे में की बात

मुंबई । रणबीर कपूर के लिए साल 2023 बेहद खास था। उनकी फिल्म एनिमल ने अच्छा बिजनेस किया। फ़िलहाल रणबीर रामायण और फिल्म लव एंड वॉर की शूटिंग में व्यस्त हैं। उन्होंने हाल ही में कहा था कि रामायण में उनका रोल एक ड्रीम रोल है। रणबीर कपूर ने एक कार्यक्रम में अपने कई प्रोजेक्ट्स पर चर्चा की। नितेश तिवारी की %रामायण% के बारे में उन्होंने कहा, मैं फिलहाल रामायण पर काम कर रहा हूं। यह महानतम पौराणिक कहानियों में से एक है। मेरे बचपन के दोस्त नमित मल्होत्रा इस फिल्म को बहुत मन से बना रहे हैं। सभी क्रिएटिव लोग इस फिल्म से जुड़े हुए हैं। नितेश तिवारी इसका निर्देशन कर रहे है इसलिए इस फिल्म का हिस्सा बनना मेरे लिए एक सपने की भूमिका की तरह है। फिल्म के पहले पार्ट की शूटिंग पूरी कर ली है और दूसरे पार्ट की शूटिंग जल्द शुरू करेंगे। मैं श्रीराम की भूमिका निभाकर बहुत भाग्यशाली महसूस करता हूं। इस फिल्म में हम परिवार, पति-पत्नी के रिश्ते के महत्व के बारे में बहुत कुछ सीखते हैं। रामायण का निर्माण नमित मल्होत्रा कर रही हैं। इसका निर्देशन नितेश तिवारी ने किया है। रणबीर कपूर के साथ फिल्म में साई पल्लवी है, जो माता सीता का किरदार कर रही है। साउथ स्टार यश रावण की भूमिका में हैं और टीवी एक्टर रवि दुबे ने लक्ष्मण का किरदार किया है। फिल्म का पहला पार्ट 2026 में दिवाली पर रिलीज किया जाएगा।

भारत को साझेदारी बनाने के क्षेत्र में सुधार करना होगा - हरभजन सिंह

नई दिल्ली । एडिलेड में दूसरे टेस्ट मैच के बाद, भारत और ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज हरभजन सिंह और मैथ्यू हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर अपने विचार साझा किए। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज के दूसरे टेस्ट पर विचार करते हुए, उन्होंने भारत के प्रदर्शन और उन क्षेत्रों पर चर्चा की, जहां भारत को सुधार करने की जरूरत है। स्टार स्पोर्ट्स पर विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय क्रिकेट के दिग्गज हरभजन सिंह ने दूसरे टेस्ट में भारत के लिए क्या गलत हुआ और भारत को आगामी टेस्ट मैचों में किस तरह से खेलना चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा, एक क्षेत्र जहां भारत सुधार करना चाहेगा वह है साझेदारी। हमें बड़ी साझेदारियां करने की जरूरत है। एडिलेड में हमें अच्छी साझेदारी नहीं मिली, जिसकी वजह से हम बोर्ड पर पर्याप्त रन नहीं बना पाए। अगर हमारे पास बोर्ड पर 300-350 रन हैं तो हमारे गेंदबाजों में उन्हें आउट करने की क्षमता है। स्टार स्पोर्ट्स पर विशेष रूप से बोलते हुए, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मैथ्यू हेडन ने पिंक बॉल टेस्ट में भारतीय बल्लेबाजों के प्रदर्शन पर विचार करते हुए कहा, टीम इंडिया ने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की, इसमें कोई संदेह नहीं है। भले ही यह बल्लेबाजी के लिए एक मुश्किल ट्रैक था, लेकिन उन्हें डेढ़ दिन से कम समय में आउट नहीं होना चाहिए था। इसलिए ब्रिस्बेन टेस्ट मैच के लिए इसमें सुधार करने की जरूरत है। मैथ्यू हेडन ने एडिलेड में भारत के गेंदबाजी प्रदर्शन पर भी अपनी राय दी। उन्होंने कहा, मुझे लगा कि गेंदबाजी औसतन काफी अच्छी थी। जब आप ट्रैविस हेड की शानदार पारी के बारे में सोचते हैं, तो 141 गेंदों पर 140 रन बनाना कुछ और ही होता है। कभी-कभी बल्लेबाजों की अपनी मर्जी चलती है।

करीना कपूर ने बताया, कौन है उनकी 'पसंदीदा जोड़ी'

मुंबई । बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान ने अपनी पसंदीदा जोड़ी, सोहा अली खान और कुणाल खेमू की एक तस्वीर साझा की है। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर सोहा और कुणाल की एक तस्वीर शेयर की, जिसमें सोहा किताब पढ़ रही हैं और कुणाल ध्यान से उन्हें सुन रहे हैं। बॉलीवुड दिवा ने तस्वीर को कैप्शन दिया- पसंदीदा जोड़ी कुणाल खेमू और सोहा अली खान। कुणाल और सोहा मई 2009 से एक-दूसरे को डेट कर रहे थे। इस जोड़े ने जुलाई 2014 में सगाई की और जनवरी 2015 में मुंबई में शादी कर ली। फिर, उन्होंने सितंबर 2017 में अपनी बेटी, इनाया नौमी खेमू का स्वागत किया। 8 दिसंबर को करीना ने अपनी सास और मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर का जन्मदिन मनाया। अभिनेत्री ने अपनी सास को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए इंस्टाग्राम का इस्तेमाल किया। उन्होंने शर्मिला टैगोर के साथ अपनी एक तस्वीर शेयर की। उन्होंने कैप्शन में लिखा, अब तक का सबसे बेहतरीन गैंगस्टर कौन है? क्या मुझे बताने की ज़रूरत है? मेरी सास को जन्मदिन की शुभकामनाएं। शर्मिला बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और सोहा अली खान की मां हैं और अपनी पीढ़ी की एक बड़ी स्टार थीं। करीना और सैफ 16 अक्टूबर 2012 को शादी के बंधन में बंधे। इस जोड़े ने 20 दिसंबर 2016 को अपने पहले बेटे तैमूर का स्वागत किया। उनके दूसरे बेटे, जहांगीर का जन्म 21 फरवरी 2021 को हुआ। इस महीने की शुरुआत में करीना ने सऊदी अरब के जेद्दा में रेड सी फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। उन्होंने अपने इंस्टाग्राम पर इस फिल्म फेस्टिवल की कई तस्वीरें शेयर की थी। कैप्शन में लिखा था- रेड सी इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल की पहली रात करीना ने अपने पालतू कुत्ते एल्विस के साथ पूल के पास आराम करते हुए एक तस्वीर पोस्ट की थी। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह धूप में बैठकर अपने कुत्ते के साथ समय बिता रही थीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, एल्विस को हैलो कहो, और दिल का इमोजी भी लगाया। तस्वीर में करीना पूल के किनारे आराम करती नजर आ रही थीं। उनका पालतू कुत्ता एल्विस उनके पास था और दोनों दिन की गर्मी का आनंद ले रहे थे। हालांकि, तस्वीर में करीना का चेहरा नहीं दिखा, सिर्फ उनके पैर नजर आ रहे थे।

शेयर बाजार पर दबाव, सेंसेक्स और निफ्टी लुढ़के

नई दिल्ली । घरेलू शेयर बाजार आज शुरुआती कारोबार के दौरान दबाव में कारोबार करता हुआ नजर आ रहा है। आज के कारोबार की शुरुआत भी गिरावट के साथ हुई । हालांकि बाजार खुलने के बाद खरीदारी के सपोर्ट से शेयर बाजार कुछ देर के लिए हरे निशान में भी पहुंचा, लेकिन शुरुआती 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने लाल निशान में गोता लगा दिया। पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.33 प्रतिशत और निफ्टी 0.37 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से लार्सन एंड टूब्रो, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, एचडीएफसी लाइफ, कोटक महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर 1.63 प्रतिशत से लेकर 0.62 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, ब्रिटानिया, नेस्ले और ट्रेंट लिमिटेड के शेयर 3.80 प्रतिशत से लेकर 1.50 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे। अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,411 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,367 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,044 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 8 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 22 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 12 शेयर हरे निशान में और 38 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स आज 106.54 अंक की गिरावट के साथ 81,602.58 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरुआत होते ही खरीदारी शुरू हो गई, जिससे थोड़ी ही देर में ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 81,781.72 अंक तक पहुंच गया। हालांकि ये तेजी अधिक देर तक नहीं टिकी। शुरुआती 10 मिनट के कारोबार के बाद ही बाजार में बिकवाली का दबाव बन गया, जिसकी वजह से सेंसेक्स ने दोबारा लाल निशान में गोता लगा दिया। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 269.29 अंक की कमजोरी के साथ 81,439.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने आज 43.90 अंक टूट कर 24,633.90 अंक के स्तर से कारोबार की शुरुआत की। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक उछल कर हरे निशान में 24,705 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बन जाने की वजह से इसकी चाल में गिरावट आ गई। बाजार में लगातार जारी लिवाली और बिकवाली के बीच शुरुआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 90.20 अंक की गिरावट के साथ 24,587.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। इसके पहले पिछले सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सेंसेक्स 56.74 अंक यानी 0.07 प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,709.12 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 30.60 अंक यानी 0.12 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 24,677.80 अंक के स्तर पर शुक्रवार के कारोबार का अंत किया था।

रुपया शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.73 प्रति डॉलर पर

मुंबई । विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों में नरम रुख के बीच रुपया सोमवार को शुरुआती कारोबार में सात पैसे की गिरावट के साथ 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि आयातकों और विदेशी बैंकों की ओर से डॉलर की मांग बढ़ने से रुपया कमजोर बना हुआ है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.70 पर खुला। शुरुआती सौदों में 84.73 प्रति डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद भाव से सात पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 84.66 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की बढ़त के साथ 106.14 पर रहा। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) शुक्रवार को बिकवाल रहे थे और उन्होंने शुद्ध रूप से 1,830.31 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक संपादक दीपक शर्मा द्वारा वत्स ऑफ़सेट मुद्दा हॉउस, प्रिंटर्स प्रेस सी -ब्लॉक बारात घर रघुनाथपुर सेक्टर -22 नोएडा से मुद्रित एवं ग्राम पोस्ट शेखपुर थाना बाबूगढ़ हापुड़ से प्रकाशित। आर एन आई नंबर UPHIN/2020/86789 मो. 9953840820, ईमेल आईडी ujalahiteshie&press@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय हापुड़ स्थित न्यायालय में होगा।

इटवा व्यापार मंडल ने चोरी को लेकर कोतवाल से की मुलाकात

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। महालक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स, तरुण गर्ग जी के यहां आज जो 30 लाख रुपए से अधिक की चोरी थाने और चौकी से मात्र चंद कदमों की दूरी पर हुई है। आज पूरे व्यापारी समाज में आक्रोश है और उसी के संबंध में पीड़ित व्यापारी और शहर के अनेक व्यापारी बंधु इटवा व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने पदाधिकारी कोतवाली निरीक्षक से मिले और दो दिन के अंदर घटना को खुलासा करने की मांग की है। हम सभी व्यापारियों की यह मांग है कि ऐसे लुटेरों का पुलिस एनकाउंटर होना चाहिए और गंभीरता से अति शीघ्र घटना का खुलासा हो और कठोर से कठोर कार्रवाई की जाए और पीड़ित व्यापारी का चोरी गया माल वापस प्राप्त हो। अगर इस घटना का जल्दी खुलासा और अपराधियों पर कठोर कार्यवाही और शत प्रतिशत बरामदगी नहीं हुआ तो व्यापारियों को अग्रिम रणनीति तैयार करनी पड़ेगी।

भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक हुई संपन्न धमेंद्र सिंह

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। मुजफ्फरनगर शिक्षक कॉलोनी में भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति की बैठक हुई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह जिन्होंने सरकार से किसानों के संपूर्ण कर्जा माफ और पूर्व सांसद विधायकों की पेंशन बंद करके देश की रक्षा करने वाले सभी जवानों पुलिस होमगार्ड की पेंशन चालू करने और एमएसपी गारंटी कानून लागू करने की मांग को लेकर बैठक को संबोधित किया जिसमें रविंद्र त्यागी को पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रभारी मनोनीत करते हुए दीपक त्यागी को जिला अध्यक्ष मुजफ्फरनगर के पद पर मनोनीत किया साथ में पश्चिमी उत्तर प्रदेश प्रियदर्शी त्यागी, प्रदेश मुख्य महासचिव अरविंद त्यागी, जिला संरक्षक गोपाल त्यागी, सहारनपुर जिला अध्यक्ष प्रदीप त्यागी, राष्ट्रीय सचिव प्रेमचंद शर्मा, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बंटी सिंह लोधी, सहित के सम्मानित युवा जिला अध्यक्ष डॉ प्रकाश अध्यक्ष मजदूर मोर्चा अध्यक्ष सही तहसील अध्यक्ष ब्लॉक अध्यक्ष ग्राम अध्यक्ष आदि वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे

अमर सिंह कॉलेज में छात्र संघ चुनाव बहाल के लिए छात्रो ने भरी हुंकार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। लखावटी अमर सिंह कॉलेज लखावटी बुलंदशहर में छात्र संघ चुनाव बहाल को लेकर छात्र नेता पुलकित शर्मा और मोहित ठाकुर के नेतृत्व में छात्रों ने किया प्रदर्शन पूर्व छात्र प्रतिनिधि डॉ० सोनू कुमार शर्मा और पूर्व छात्र नेता हर्ष ठाकुर ने बताया कि हमारे कॉलेज में छात्र संघ चुनाव बहुत समय से नहीं हुए हैं, जिससे छात्रों की आवाज़ और उनके हितों की रक्षा नहीं हो पा रही है हमारा मानना है कि छात्र संघ चुनाव बहाली से छात्रों को अपने अधिकारों के बारे में जागरूक करने और उनके हितों की रक्षा करने में मदद मिलेगी इसके बाद छात्रो ने प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा इस कार्यक्रम में हजारों छात्र शामिल हुए, जिसमे पंकज शर्मा, सौरभ, अभय, पुनीत, रिंकू, विपिन, करण, हिमांशु, प्रशांत आदि छात्र मौजूद रहे।

दुष्कर्म करने के आरोपी को 10 वर्ष का कारावास व 27,000/- रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्त देशराज पुत्र कन्हैयालाल निवासी ग्राम पाली परतापुर थाना खानपुर द्वारा वर्ष-2013 में थाना औरंगाबाद क्षेत्र निवासी एक युवती के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 29.09.2013 को थाना औरंगाबाद पर मुअसं- 189/2013 धारा 376(2)जी, 506 भादवि पंजीकृत किया गया तथा दिनांक 20.10.2013 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 04 गवाह परिक्षित हुए, जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 09.12.2024 को न्यायाधीश श्री वरुण मोहित निगम (मा0 न्यायालय एडीजे/एफटीसी-द्वितीय जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्त देशराज को 10 वर्ष का कारावास व 27,000/- रुपये अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री विजय शर्मा व श्री कुश कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

डीएम की अध्यक्षता में आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस



बुलन्दशहर। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में एक परिवार एक पहचान योजनान्तर्गत फैमिली आई0डी0 कार्ड बनवाए जाने तथा सत्तर वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिला विकास अधिकारी सुभाष नेमा द्वारा बताया गया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से आच्छादित न होने वाले ऐसे परिवार जो राशनकार्ड के पात्र नहीं हैं, उन्हें फैमिली आई0डी0 पोर्टल https://familyid.up.gov.in के माध्यम से फैमिली आई0डी0 उपलब्ध कराने हेतु व्यवस्था की गयी है। भविष्य में सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु फैमिली आई0डी0 से सहूलियत होगी। जो परिवार सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त नहीं कर रहे हैं वे भी स्वेच्छा से फैमिली आई0डी0 प्राप्त कर सकते हैं। परिवार की परिभाषा-1-स्वयं पुरुष या स्त्री और उसकी पत्नी अथवा उसका पति (न्यायिक रूप से पृथक् पति या पत्नी से भिन्न)2- स्वयं के माता-पिता 3- स्वयं पर आश्रित व्यस्क व अवयस्क भाई-बहन 4- वयस्क भाई-बहन व हों। संयुक्त परिवार के रूप में रहते हों। 5- अवयस्क संतान व संतानें 6- आश्रित वयस्क संतान व संतानें (न्यायिक रूप से पृथक् विवाहित पुत्री सहित), 7- विवाहित अथवा अविवाहित वयस्क पुत्र एवं उसकी पत्नी एवं संतानें जो संयुक्त परिवार के रूप में साथ रहते हों। 8- दत्तक पुत्र/पुत्री, 9- अन्य कोई ऐसा वयस्क, अवयस्क व्यक्ति जो परिवार के मुखिया व कमाऊ सदस्य पर आश्रित हो, जिसको परिवार के सदस्य के रूप में जोड़ना चाहें। उन्होंने बताया कि आवेदक या परिवार का कोई वयस्क सदस्य जो फैमिली आई0डी0 हेतु स्वयं एवं परिवार के अन्य सदस्यों की ओर से ऑनलाइन आवेदन कर सकता है। फैमिली आई0डी0 निर्मित करने हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया- 1. प्रत्येक फैमिली आई0डी0 पंजीकरण हेतु परिवार के सभी सदस्यों का आधार वांछित है। 2. परिवार के सभी सदस्यों का आधार किसी मोबाइल नम्बर से लिंक होना चाहिए, जिससे कि परिवार के सभी सदस्यों का मोबाइल ओ0टी0पी0 द्वारा सत्यापन हो सके। यदि आधार से लिंक नम्बर बदल गया है तो आवेदक को अपना नवीन व सही मोबाइल नम्बर आधार से लिंक करते हुए अपडेट करना चाहिए। 3. प्रत्येक फैमिली आई0डी0 पंजीकरण के समय परिवार के सभी सदस्यों का आधार संख्या के सापेक्ष ओ0टी0पी0 आधारित e-KYC होगा। 4. यदि परिवार का कोई सदस्य पूर्व में किसी अन्य परिवार से जुड़ा हुआ है, तो उसका पंजीकरण नहीं किया जा सकेगा। 5. आवेदक अपना पंजीकरण फैमिली आई0डी0 पोर्टल (https://familyid.up.gov.in) पर दिये गये Register लिंक के माध्यम से करेगा। 6. आवेदक अपना नाम एवं मोबाइल नम्बर के माध्यम से मोबाइल ओ0टी0पी0 तथा कैप्चा का उपयोग कर पोर्टल पर पंजीकरण पूर्ण करेगा। 7. यदि परिवार के पास पूर्व में राशन कार्ड उपलब्ध है तो फैमिली आई0डी0 पोर्टल पर आधार नम्बर के साथ लॉगिन करने पर यह मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आईडी उपलब्ध है। आवेदक दिये गये टैब पर क्लिक कर अपना फैमिली आई0डी0 प्रिंट व डाउनलोड कर सकते हैं। 8. यदि परिवार के पास राशनकार्ड उपलब्ध नहीं है तो फैमिली आई0डी0 पोर्टल पर आवेदक द्वारा मोबाइल नम्बर एवं आधार संख्या दर्ज करने पर मैसेज प्रदर्शित होगा कि आपके परिवार की फैमिली आई0डी0 उपलब्ध नहीं है। आवेदक द्वारा तदोपरान्त अपने परिवार का रजिस्ट्रेशन किया जायेगा। 9. (क) पंजीकरण की प्रक्रिया में आवेदक द्वारा अपने परिवार के समस्त सदस्यों का नाम तथा आधार संख्या डालने पर उनके आधार लिंक्ड मोबाइल पर ओ0टी0पी0 प्राप्त होगा। (ख) ओ0टी0पी0 डालने के पश्चात् सदस्य का नाम, जन्म तिथि व वर्ष, लिंग व पिता व संरक्षक का नाम स्वत: प्रदर्शित होगा। (ग) परिवार के सदस्यों की वैवाहिक स्थिति, पति व पत्नी का नाम, मौबाइल नम्बर, आवेदक से सम्बन्ध तथा व्यवसाय के फील्ड भरने के पश्चात् सुरक्षित करनी होगी। (घ) परिवार के समस्त सदस्यों को जोड़ने के उपरान्त आगे बढ़ने हेतु दिये गये टैब को क्लिक कर पता भरने वाला पेज प्रदर्शित होगा। आवेदक द्वारा पता भरने हेतु शहरी अथवा ग्रामीण टैब का चयन किया जायेगा। शहरी टैब चयन किये जाने की दशा में ड्रॉप डाउन मेनू से जनपद का चयन करना होगा व तत्पश्चात् तहसील का चयन ड्रॉप डाउन मेनू से किया जायेगा। आवेदक को निर्धारित कॉलम में अपना पूरा पता यथा- मकान संख्या, गली व मोहल्ला, लैंडमार्क तथा पिनकोड भरा जायेगा। ग्रामीण टैब चयन किये जाने की दशा में ड्रॉप डाउन मेनू से जनपद व उसके सापेक्ष ड्रॉप डाउन मेनू से ही तहसील, विकासखण्ड व ग्राम पंचायत का चयन किया जायेगा तथा निर्धारित कॉलम में मजरा व गाँव व टोला, गली व पोस्ट व मकान नं0, लैंडमार्क तथा पिनकोड भरा जायेगा। सही पता भरने के पश्चात् सुरक्षित कर आगे बढ़ने के विकल्प पर क्लिक किया जायेगा। 10. आवेदक तथा उसके परिवार के सदस्यों का पूर्ण विवरण तथा पता स्क्रीन पर प्रदर्शित हो जायेगा। आवेदक समस्त विवरण से संतुष्ट होने की दशा में फाइनल सबमिशन का बटन क्लिक करेगा, अन्यथा की दशा में बैंक जाकर अपने विवरण में वांछित बदलाव कर सकेगा। 11. फाइनल सबमिशन करने के उपरान्त स्क्रीन पर फैमिली आई0डी0 हेतु आवेदन संख्या (15 डिजिट में) तथा प्रोविजनल फैमिली आई0डी0 (12 डिजिट में) प्रदर्शित होगी तथा उसको प्रिंट करने का विकल्प भी उपलब्ध होगा।क्यू0आर0 कोड युक्त प्रोविजनल फैमिली आई0डी0 के प्रिंट आउट में परिवार के सदस्यों के फोटो, नाम, लिंग, जन्मतिथि, पिता व संरक्षक का नाम, आवेदनकर्ता के साथ सम्बन्ध व मास्क्ड आधार तथा पता प्रदर्शित होगा। 12. पोर्टल द्वारा आवेदन संख्या एवं अनन्तिम फैमिली आई0डी0 जनरेट होने के उपरान्त इसकी सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से आवेदक के पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर प्राप्त हो जाएगी। 13. आवेदन यथास्थिति शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से सम्बन्धित जारीकर्ता अधिकारी के इनबॉक्स में प्रदर्शित होगा। जारीकर्ता अधिकारी के द्वारा सम्बन्धित जाँच अधिकारी को स्थलीय जाँच हेतु आवेदन ऑनलाइन प्रेषित किया जायेगा। जाँच अधिकारी द्वारा आवेदन पत्र का भौतिक स्थलीय सत्यापन कर आख्या जारीकर्ता अधिकारी को ऑनलाइन प्रेषित की जायेगी। 14. पोर्टल द्वारा अंतिम रूप से फैमिली आई0डी0 निर्मित होने एवं निरस्त होने की सूचना एस0एम0एस0 के माध्यम से पंजीकृत मोबाइल नम्बर पर स्वत: प्राप्त हो जाएगी। 15. परिवार के किसी भी सदस्य द्वारा फैमिली आई0डी0 के पंजीकरण की अद्यतन स्थिति / प्रगति को Track Application Status लिंक पर जाकर आवेदन संख्या डालकर प्राप्त किया जा सकता है। 16. फैमिली आई0डी0 हेतु आवेदन जारीकर्ता अधिकारी द्वारा स्वीकृत होने की दशा में आवेदक को एस0एम0एस0 के माध्यम से फैमिली आई0डी0 संख्या प्रेषित की जायेगी। आवेदक द्वारा पोर्टल से भी अपनी फैमिली आई0डी0 संख्या ज्ञात की जा सकती है एवं इसका प्रिंट आउट भी लिया जा सकता है। बैठक में उन्होंने यह भी बताया कि जनपद में माह नवम्बर, 2024 के अन्तिम सप्ताह में जनपद में कुल 23901 फैमिली कार्ड स्वीकृत किये गये है। फैमिली कार्ड स्वीकृति में जनपद प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। लक्ष्य के सापेक्ष पूर्ति में जनपद प्रदेश में द्वितीय स्थान पर है। इस उपलब्धि में ग्रामीण क्षेत्र का योगदान सराहनीय है। बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने उपस्थित समस्त विभागों के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समस्त विभाग समन्वय स्थापित कर फैमिली आई0डी0 व 70 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों के आयुष्मान की गति बढ़ाते हुए लक्ष्य के सापेक्ष ससमय पूर्ण करें। जिससे आमजन को योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके।

इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विनय कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत कराये जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में निम्न बिन्दुओं पर समीक्षा की गई-1. योजना हस्तांतरण जनपद में कार्यरत एजेंसी-मै0 जे0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा कुल दो योजनाओं पर सर्वे टीम का निरीक्षण पूर्ण कराते हुऐ एक योजना पोर्टल के माध्यम से पंचायती राज विभाग को हस्तांतरित करा दी गई है। इसी प्रकार एजेन्सी मै0 पावरमैक द्वारा कुल चार योजनाओं पर सर्वे टीम का निरीक्षण पूर्ण कराया गया एवं मै0 वैलस्पन द्वारा कुल तीन योजनाओं पर सर्वे टीम का निरीक्षण पूर्ण कराते हुऐ एक योजना पोर्टल के माध्यम से पंचायती राज विभाग को हस्तांतरित करा दी गई है। 2. योजना पूर्ण होने की स्थिति कार्यरत एजेंसी मै0 जे0एम0सी0 द्वारा अवगत कराया गया कि उनके द्वारा कुल अट्ठावन, मै0 पावरमैक द्वारा कुल 61 एवं मै0 वैलस्पन द्वारा कुल साठ अवर जलाशय पूर्ण किये जा चुके हैं। निर्देश दिये गये कि शीघ्र प्रगति बढ़ा कर योजनाओं का संचालन एवं अनुरक्षण कार्य प्रारम्भ किया जाये। 3. हर घर जल प्रमाणीकरण वर्तमान तक एजेंसी मै0 जे0एम0सी0 द्वारा कुल 58, मै0 पावरमैक द्वारा कुल 73 एवं मै0 वैलस्पन द्वारा कुल 60 ग्रामों का हर घर जल प्रमाणीकरण कराया गया है। बैठक में जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने निर्देश दिये कि शेष हर घर जल मार्क किये गये ग्रामों का भी हर घर जल प्रमाणीकरण कराना सुनिश्चित किया जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुलदीप मीना,इं0 विनय, अधिशासी अभियन्ता, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बुलन्दशहर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

प्रभावी पैरवी कर हत्या करने के आरोपी को आजीवन कारावास व 25,000/- हजार रुपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्ता श्रीमती रजनी पत्नी शैलेन्द्र निवासी ग्राम क्यौली खुर्द थाना अरनिया जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2019 में अपने पति शैलेन्द्र पुत्र तेज सिंह की गला दबाकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में दिनांक 20.06.2019 को थाना अरनिया पर मुअसं- 123/19 धारा 302 भादवि पंजीकृत किया गया तथा आरोप पत्र दिनांक 13.08.2019 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें 08 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 09.12.2024 को न्यायाधीश श्री दिलीप कुमार सचान (मा0 न्यायालय एडीजे खुर्जा जनपद बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्ता रजनी को आजीवन कारावास व 25,000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री संजीव कुमार का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता हैं।

पुलिस की हुई मुठभेड़, जवाबी कार्यवाही में 25,000/- रूपये का पुरस्कार घोषित बदमाश घायलावस्था में गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जनपद में तलाश वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08/09.12.2024 की रात्रि में एक अभिसूचना के आधार पर थाना कोतवाली देहात पुलिस व स्वाट टीम अडौली नहर पुल के पास संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग कर रही थी तभी बाइक पर एक संदिग्ध व्यक्ति आता हुआ दिखाई दिया जिसको रोकने का प्रयास किया गया तो नहीं रुका और बाइक को तेजी से मोड़कर भागने लगा। पुलिस टीम द्वारा बदमाश का पीछा किया तो बदमाश ने अपनी बाइक अडौली नहर पटरी की तरफ मोड़ दी तथा हड़बड़ाहट में बदमाश की बाइक फिसलकर गिर गयी। अपने आप को पुलिस से घिरता देख बदमाश द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग की गयी। पुलिस टीम की आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग में बदमाश गोली लगने से घायल हो गया, जिसको घायलावस्था में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार/घायल बदमाश की पहचान 1. शमीम उर्फ कंजा पुत्र खलील निवासी ग्राम गंगावली थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर के रूप में हुई है। घायल बदमाश को उपचार हेतु जिला अस्पताल में भेजा गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त बदमाश शातिर किस्म के गौकश अपराधी हैं। जिनके द्वारा दिनांक 03/04.08.2024 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत आम के बाग में गौकशी की घटना कारित की गयी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर मुअसं 453/24 धारा 3/5/8 गौवध अधि0 पंजीकृत किया गया था, जिसकी गिरफ्तारी पर 25000/- रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया था तथा जिसकी

गिरफ्तारी हेतु निरंतर प्रयास किये जा रहे थे।*गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता-1.शमीम उर्फ कंजा पुत्र खलील निवासी ग्राम गंगावली थाना बीबीनगर जनपद बुलन्दशहर। बरामदगी-1-01 तमंचा 315 बोर व 02 खोखा। 2-01 स्पेलण्डर बाइक (बिना नम्बर)। अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना कोतवाली देहात पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

दहेज हत्या के 03 आरोपियो को सश्रम आजीवन कारावास व 03-03 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा दिलवायी गयी

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर। अवगत कराना है कि अभियुक्ता 1. श्रीमती बाला पत्नी बिज्जे उर्फ विजयपाल, अभियुक्त 2. अमित पुत्र बिज्जे उर्फ विजयपाल, 3. बिज्जे उर्फ विजयपाल निवासीगण ग्राम सुरजावली थाना औरंगाबाद जनपद बुलन्दशहर द्वारा वर्ष-2021 में अपनी पुत्रवधू को दहेज के लिए प्रताड़ित कराना व मांग पूरी न होने पर जहर देकर हत्या करने की दुस्साहसिक घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में दिनांक 28.01.2021 को थाना औरंगाबाद पर मुअसं - 41/2021 धारा 498ए/304बी भादवि व 3/4 डीपी एक्ट पजीकृत किया गया तथा दिनांक 15.04.2021 को पुलिस द्वारा मा0 न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस अभियोग को श्रीमान पुलिस महानिदेशक महोदय, उ0प्र0 द्वारा चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शनके अन्तर्गत चिन्हित करते हुए मॉनीटरिंग सैल बुलन्दशहर द्वारा मा0 न्यायालय में सशक्त, प्रभावी पैरवी कर अभियोजन की कार्यवाही सम्पन्न करायी गई जिसमें अभियुक्तों के विरुद्ध 08 गवाह परिक्षित हुए जिसके परिणामस्वरुप आज दिनांक 09.12.2024 को न्यायाधीश श्री विवेक कुमार ढ्ढ (मा0 न्यायालय एडीजे-14/स्पेशल ई.सी. एक्ट बुलन्दशहर) द्वारा दोष सिद्ध पाये जाने पर अभियुक्ता बाला, अभियुक्त अमित व बिज्जे उर्फ विजयपाल को सश्रम आजीवन कारावास व 03-03 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । अभियोजन पक्ष की ओर से पैरवी करने वाले अभियोजक श्री राजीव अदाना व श्री योगेश शर्मा का योगदान सराहनीय रहा है। प्रभावी पैरवी कर अभियुक्त को सजा दिलाना बुलन्दशहर पुलिस की बड़ी सफलता है।

सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 शातिर सदस्य गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलन्दशहर। जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08.12.2024 की रात्रि में थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मैना मौजपुर से अलीगढ़ की तरफ, जाने वाले रास्ते से सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी करने वाले अन्तर्जनपदीय गिरोह के 05 शातिर सदस्यों को चोरी के सामान के 78,000 रुपये नकद व घटना में प्रयुक्त ई-रिक्शा व अवैध असलाह, कारतूस व चाकू सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअस- 117124 धारा 3/4/24 आयुध अधि0 पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता- 1.मुअसा उर्फ मकसूद उर्फ इकबाल पुत्र बुन्दू खां निवासी शाहजमाल माबूदनगर शिफा लाज के सामने थाना रोरावर जनपद अलीगढ़। 2.इकराम पुत्र अनवार निवासी ग्राम मुण्डाखेड़ा थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर। 3.हसीन पुत्र सलीम निवासी गली नं0 01 आबदानगर थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर। 4.इमरान पुत्र मौ0 इब्राहिम निवासी शाहजमाल माबूदनगर शिपा लाज के सामने थाना रोरावर जनपद अलीगढ़। 5.रफीक पुत्र ईदू निवासी ग्राम मुण्ड़ाखेड़ा थाना खुर्जा नगर जनपद बुलन्दशहर।

बरामदगी-1- 78,000 हजार रुपये नकद 2-01 ई-रिक्शा P-13BT-7140 3-01 तमंचा 315 बोर मय 02 जिंदा कारतूस 4-04 अवैध चाकू गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अन्तर्जनपदीय चोर है जिनके द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर सवारियों को ई-रिक्शा में बैठाकर उनका सामान चोरी कर आर्थिक लाभ प्राप्त किया जाता हैं।

गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर दिनांक 17.11.2024 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा जंक्शन रेलवे स्टेशन के निकली एक महिला को ई-रिक्शा में बैठाकर उसके बैग में से जेवर व नकदी चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं-

1167/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है जिससे संबंधित 38,000/- रुपये बरामद किये गये हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपने गिरोह के अन्य फरार साथियों के साथ मिलकर दिनांक 02.12.2024 को थाना खुर्जा नगर क्षेत्रान्तर्गत खुर्जा रोडवेज बस अड्डे के पास से एक महिला को ई-रिक्शा में बैठाकर उसके बैग में से नकदी चोरी कने की घटना कारित की गयी थी जिसके संबंध में थाना खुर्जा नगर पर मुअसं- 1168/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत है जिससे संबंधित 40,000/- रुपये बरामद किये गये हैं।

'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया गया सोनिया गांधी का जन्मदिन, कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया

लखनऊ । कांग्रेस संसदीय दल की नेता और पार्टी की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी के जन्मदिवस पर सोमवार को कार्यकर्ताओं ने उत्तर प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। कांग्रेस मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष मनीष श्रीवास्तव हिंदवी ने बताया कि सोनिया गांधी के 78वें जन्मदिन को 'सद्भावना दिवस' के रूप में मनाया गया और इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर रक्तदान शिविर आयोजित किये। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री अजय राय ने वाराणसी में आयोजित शिविर में रक्तदान किया। हिंदवी ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर भी रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज देश में जिस तरह का विषाक्त माहौल वर्तमान भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार में बन गया है और जिस तरह सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेता दिन-प्रतिदिन इसे बढ़ाने का काम कर रहे हैं, यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। हिंदवी ने आरोप लगाया कि 'बटेंगे तो कटेंगे' की सियासत करने वाली भाजपा इस देश के संविधान की मूल भावना का अनादर करती है और वह देश के लोकतांत्रिक व धर्मनिरपेक्ष चरित्र को खत्म करना चाहती है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस भाजपा के नापाक मंसूबों को विफल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने हेतु न्यायाधीश ने बैंक अधिकारयों के साथ की बैठक

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । आगामी 14 दिसंबर (शनिवार) को राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व जनपद न्यायाधीश, हापुड़ मलखान सिंह की अध्यक्षता में जनपद के बैंक अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन डा0 ब्रह्मपाल सिंह, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ द्वारा किया गया। बैठक में जनपद न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हापुड़ मलखान सिंह द्वारा सभी बैंक अधिकारियों को बैंको से संबंधित वादों को प्री-लिटिगेशन स्तर पर अधिक से अधिक संख्या में निस्तारण के लिए अपने स्तर पर प्री-सिटिंग्स करने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में शीशपाल सिंह, लीड बैंक मैनेजर (केनरा बैंक), हापुड रेनूका चौधरी प्रबन्धक भारतीय स्टेट बैंक, हापुड़, गजय सिंह शाखा प्रबंधक पंजाब नेशनल बैंक, हापुड़, ऋचा सिंह, शाखा प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया, हापुड़, भारत भुषण, प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया, हापुड़, अपर्णा वर्मा शाखा प्रबंधक बैंक आफ महाराष्ट्रा, हापुड, सौरभ कुमार, शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक, हापुड़ बन्टी गुप्ता, शाखा प्रबंधक यूको बैंक, हापुड़ अनुज कुमार,शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक, हापुड़, गौरव सिंह, शाखा प्रबन्धक, आई.डी.बी.आई. बैंक, हापुड़, अंकित त्यागी, यूनियन बैंक आफ इंडिया, हापुड़, वीरेन्द्र कुमार गौतम, पंजाब एंड सिंध बैंक आदि उपस्थित रहें।

रक्तदान कर कांग्रेसियों ने मनाया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी का 78 वाँ का जन्मदिन

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

हापुड़। शहर कांग्रेस जन गढ़ रोड स्थित देवनंदिनी हॉस्पिटल में एकत्रित हुए। जहां कांग्रेस जनों ने रक्तदान कर पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी का 78 वाँ जन्मदिन मनाया।

इस दौरान प्रदेश महासचिव व प्रभारी दुक्की मल खटीक भी रक्तदान शिविर में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई देते हुए प्रदेश महासचिव दुक्की मल खटीक ने कहा कि उत्तर प्रदेश के समस्त कांग्रेस जन आज अपनी नेता सोनिया गांधी के जन्मदिन पर उनके दीर्घायु की कामना करते हैं और अपनी नेता सोनिया गांधी

के जन्मदिन पर सभी जनपदों में बढ़ चढ़कर रक्तदान कर रहे हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अभिषेक गोयल ने कहा हैं कि आज पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष हमारी नेता आदरणीय सोनिया गांधी जी के जन्मदिन को 78 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस उपलक्ष्य में आज उत्तर प्रदेश के हर जनपद में कांग्रेस जन अपनी नेता सोनिया गांधी का जन्मदिन रक्तदान कर मना रहे हैं। उन्होंने कहा हैं कि उनका यह रक्त देश के हर जरूरत मंद व्यक्ति और भारत की सीमाओं पर रक्षा कर रहे भारतमाता के वीर सपूतों के काम आयेगा।

इस दौरान पूर्व विधायक गजराज सिंह, जिलाध्यक्ष मिथुन त्यागी, पूर्व सभासद इरफ़ान अहमद, ऐजाज अहमद, जकरिया मनसबी, अमित सैनी, विक्की शर्मा, गौरव गर्ग, भरतलाल शर्मा, कुसुमलता, निसार खान, अतिकुर रहमान सैफी, शहजाद मेवाती, डॉक्टर अलाउद्दीन, रविन्द्र प्रताप सिंह गुर्जर, राजसिंह गुर्जर, यशपाल सिंह, नरेश भाटी, अरुण चौधरी, शहजादा चौधरी, नरेश कर्दम, मनोज कौशिक, विकास त्यागी, देवेंद्र कुमार, सुखपाल गौतम, मुकेश शर्मा, आदि लोग मौजूद रहे

नाले में मिला प्लाईवुड फैक्ट्री में काम करने वाले मजदूर का शव

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत सर्वोत्तम पेट्रोल पंप के पास नाले में अज्ञात युवक का शव मिलने से सुबह-सुबह क्षेत्र में सनसनी फैल गई और लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अज्ञात युवक के शव को नाले में से निकाल कर जान पहचान कर जांच शुरू कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वही इस मामले को लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक युवक की पहचान एनटी प्लाईवुड कंपनी में काम करने वाले युवक के रूप में हुई है। जोकि गांव जुकता जौनपुर थाना चांदी क्षेत्र जिला भोजपुर बिहार का रहने वाला है। जिसके स्वजनों को सूचित कर दिया गया है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने से ही युवक की मौत किस कारण से हुई यह तभी पता चल पाएगा कि युवक की मौत नाले में गिरने से हुई है या कोई से यहां मारकर गेर गया।

17 दिसंबर को पेंशन दिवस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर उठाएं लाभ-डीएम

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के अनुपालन में प्रत्येक वर्ष की भांति आयोजित होने वाला पेंशन दिवस आगामी 17 दिसंबर 2024 को जनपद के कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त पेंशनरों का आह्वान करते हुए कहा कि 17 दिसंबर 2024 को आयोजित होने वाले पेंशन दिवस में समस्त पेंशनभोगी उपस्थित होकर पेंशन से संबंधित अपनी समस्याओं को दूर कराने के लिए इसका लाभ उठाएं। यह मेला कलेक्ट्रेट सभागार में पूर्वान्ह 11.00 बजे से आयोजित किया जाएगा। अत: जनपद हापुड़ से पेंशन पा रहे समस्त पेंशनरों को सूचित किया जाता है कि 17 दिसंबर 2024 को प्रात: 11.00 बजे से आयोजित होने वाले पेंशन दिवस में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इसका लाभ उठाएं।

एकेपी कॉलेज में भाषण की कला विधियों से संबंधित कार्यक्रम आयोजित

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़ । सोमवार को आर्य कन्या पाठशाला इंटर कॉलेज में भारतीय भाषा उत्सव के अंतर्गत अभिव्यक्ति की वाकपटुता भाषण की कला विधियों से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या डॉ. स्नेह प्रभा द्वारा मां सरस्वती की छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर व दीप प्रज्वलित करके किया गया। भाषा उत्सव कार्यक्रम का आयोजन श्रद्धेय महाकवि सुब्रमण्यम भारती की जयंती के उपलक्ष्य में किया गया जिसकी थीम हैभाषाओं के माध्यम से एकता इसको ध्यान में रखते हुए छात्राओं ने भाषा उत्सव में बढ़ चढ़ कर प्रतिभाग किया और अन्य छात्राओं को भाषा सीखने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में आस्था ने अंग्रेजी,मीरा कु. ने हरियाणवी,शीवा ने उर्दू,सिया ने संस्कृत,शोभा ने हिंदी,काली शर्मा ने पंजाबी, आशा कु. ने भोजपुरी भाषा में अपनी-अपनी अभिव्यक्ति प्रस्तुत की और अन्य छात्राओं को प्रेरित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अर्चना गौतम , डॉ.सरोज भारती ,प्रतिभा शर्मा ,प्रीति अग्रवाल , आदि शिक्षिकाओं का सहयोग रहा।

थाना संभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में ईंख के खेतों में साहिल का शव पड़ा मिला

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़ । जनपद हापुड़ के थाना संभावली क्षेत्र के गांव बक्सर में ईंख के खेतों में सोमवार की सुबह साहिल निवासी गांव बक्सर का शव पड़ा मिला था जिसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेजा और मामले की जांच शुरू कर दी। हापुड़ के अपर पुलिस अधीक्षक विनीत भटनागर ने बताया कि साहिल के भाई की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों के नाम दानिश और चिराग है जो कि साहिल को अपने साथ ले गए थे। साहिल पुत्र इजाजु को गांव के ही दानिश और चिराग अपने साथ कहीं ले गए। इसके बाद साहिल वापस नहीं लौटा। जब परिजनों को चिंता हुई तो उन्होंने पुलिस को मामले से अवगत कराया। पुलिस ने गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की जिसके बाद मृतक साहिल के भाई ने बताया कि दानिश और चिराग उसके भाई को ले गए हैं जिसने हत्या की आशंका जाहिर की जिसके बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की और साहिल के शव को सोमवार को खेतों से बरामद किया। साथ ही पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

173 जोड़ो का जनपद में सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि जनपद में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विभिन्न स्थलों पर कुल 173 सामूहिक जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। जिसके तहत सदर विधानसभा के ब्लॉक परिसर हापुड में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 33 जोडों तथा नगर पालिका हापुड में 23 जोड़ो का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मा0 विधायक सदर विजय पाल आढती ने प्रतिभाग किया। सदर विधानसभा सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका अध्यक्ष हापुड़ पुष्पा देवी एवं ब्लॉक प्रमुख क्षेत्र पंचायत हापुड़ ममता चौधरी तथा मुख्य

विकास अधिकारी हिमांशु गौतम सहित खंड विकास अधिकारी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद एवं संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। , तो वहीं धौलाना विधानसभा के तहत कुल 44 जोड़ों का सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हुआ तथा नगर पालिका पिलखुवा के 14 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न हुआ। इसी क्रम में गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा के तहत कुल 18 जोड़ो का सामूहिक विवाह कार्यक्रम तथा विकास खण्ड सिम्भावली के 37 जोड़ों एवं नगर पालिका गढ़मुक्तेश्वर के 04 का सामूहिक विवाह सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि, नगर पालिका अध्यक्ष गढ़मुक्ततेश्वर के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। तथा जिला समाज कल्याण अधिकारी शिवकुमार ने बताया कि विवाहित जोड़ों में से प्रति जोडे को रूपये 51 हजार की दर से जिसमें सें कन्या के बैंक खाते में 35 हजार रूपये की धनराशि, विवाह संस्कार के लिये दस हजार का सामान उपहार स्वरूप एवं 6 हजार रूपयें समारोह के आयोजन खान पान हेतु व्यय की गई।

भाकियू टिकैत की मासिक पंचायत हुई जिसमें किसानों का बकाया गन्ना भुगतान और संगठन में विस्तार किया गया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। गढ़मुक्तेश्वर जिला कार्यकारणी के निर्णयानुसार गढ़मुक्तेश्वर में स्थित कैम्प कार्यालय पर मासिक पँचायत का आयोजन किया गया मासिक पंचायत में किसान व मज़दूर समेत समस्याओं पर चर्चा की गई। मासिक पंचायत में मुख्य मुद्दा रहा किसानों का बकाया गन्ना भुगतान सिंभावली शुगर मिल और ब्रजनाथपुर समेत पर किसानों का कई सौ करोड़ गन्ना भुगतान बकाया है। मासिक पंचायत के दौरान जिला अध्यक्ष दिनेश खेड़ा ने कहा कि सिंभावली शुगर मिल और ब्रजनाथ पुर शुगर मिल पर किसानों का कई सौ करोड़ बकाया गन्ना भुगतान है जो की नहीं दिया जा रहा है काफी विलंब चल रहा है पिछले वर्ष का किसानों का बकाया गन्ना भुगतान मिलों द्वारा नहीं दिया गया है और इसके साथ इस वर्ष भी गन्ना किसानों का शुगर मिल ले रहा है इसके लिए कोई ना कोई बड़ी रणनीति तैयार की जाएगी। मासिक पंचायत का संचालन मेरठ मंडल संगठन मंत्री महिला उर्फ गुजरालऔर अध्यक्षता इरशाद अली ने की है। मासिक पँचायत में मौजूद जिला सरक्षक पीके वर्मा , जिला प्रचार मंत्री अनिल त्यागी, जिला कार्यकारणी सदस्य आजाद तोमर, हापुड़ तहसील अध्यक्ष ओमबीर चौधरी, बिजेंद्र सिंह, जिला महासचिव कैप्टन राजेश चौधरी, शेखर चौधरी, इंतेजार अली,अनिल कुमार, महिला विंग जिलाध्यक्ष नीलम त्यागी, रोशनी सैफी, कल्पना देवी, शोभा देवी, राजबीरी देवी, सरिता देवी,

जिला प्रवक्ता कुँवर खुशनूद, तहसील अध्यक्ष गढ़ श्याम सुंदर त्यागी, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष माजिद चौधरी, राजा चौधरी समेत कार्यकर्ता व पदाधिकारी रहे।

फर्जी व कूटरचित कागजात दिखाकर भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री के साले व्यापारी के साथ छल कपट व धोखाधडी से की ठगी



उजाला हितैषी एक्सप्रेस ब्यूरो

हापुड़। हापुड़ नगर कोतवाली का मामला सामने आया है जहां प्रार्थी भाजपा के क्षेत्रीय महामंत्री के साले मुनीश गर्ग पुत्र नरेन्द्र गर्ग निवासी म0न0-57 ज्ञानलोक कालौनी हापुड थाना मैं प्रार्थना पत्र देते हुए कहा कि में सीधा सादा कारोबारी व्यक्ति हूं और बालकृष्ण अग्रवाल निवासी बांके बिहारी ज्वैलर्स, ब्रहमनान, हापुड तथा गुलशन निवासी गुड ट्रांसपोर्ट नई मण्डी हापुड ने अपना घर कालौनी हापुड में 2762 वर्ग गज जमीन के मालिकाना हक के कागजात दिखाते हुये मुझे जमीन बेचने की पेशकश की प्रार्थी ने उक्त सौदा स्वीकार कर लिया तथा विपक्षीगण ने प्रार्थी से सौदे के समय ही 10 लाख रूपये नगद रूप में ले लिये और 23 अगस्त 2024 को गुलशन ने अपने खाते में आर0टी0जी0एस0 नम्बर RINDBRx20240823-00140655 के द्वारा 4,00,000/- रूपये तथा 17 सितंबर 2024 को बालकृष्ण अग्रवाल ने अपने खाते मे आर0 टी0 जी0 एस0 नम्बर RINDBRx202409170070708017 इन्डसंड बैंक हापुड के द्वारा 10,00,000/- रूपये प्रार्थी से और प्राप्त किये और जमीन का कब्जा देकर जल्द से जल्द बैनामा करने का वायदा किया प्रार्थी ने उक्त भूमि पर रेडिमेट बाउन्ड्री करा दी तथा भराव करा रहा था

तभी कुछ लोग मौके पर आये तथा जमीन के कागजात दिखाकर स्वंय को मालिक बताया तथा कहा कि बालकृष्ण तथा गुलशन का इस जमीन से कोई सम्बन्ध नही है जिस पर प्रार्थी ने इन दोनो लोगो से बातचीत की तो सकपका गये और इधर उधर की बाते करने लगे प्रार्थी ने इन लोगो से अपने दिये गये 38,00,000/- रूपये तथा रेडिमेट बाउन्ड्री व भराव के खर्चे मे आये 14,00,000/-रूपये सहित 38,00,000/- रूपये वापिस मागें तो मुकर गये और कहा कि जो हो कर लेना तथा जान से मारने व गम्भीर परिणाम भुगतने की धमकी दी इन दोनो लोगो ने फर्जी व कूटरचित कागजात प्रार्थी को दिखाकर छल कपट व धोखाधडी से प्रार्थी के साथ ठगी को अंजाम दिया है। प्रार्थी ने थाना हापुड़ नगर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करके मुलिजममो के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है।

सात स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन बनाए गए

गाजियाबाद । जिले में सात स्थानों पर अन्नपूर्णा भवन बनाए गए हैं। इन भवनों से कार्डधारकों को राशन का वितरण किया जाएगा। शासन ने प्रत्येक जिले में 75 अन्नपूर्णा भवन बनाने का आदेश दिया है। गाजियाबाद में मनरेगा नहीं होने से अब तक सात ही भवन बनाए गए है। इनको जिला खाद्य पूर्ति विभाग अपने हैंडओवर लेने की तैयारी कर रहा। जिले में लोनी नगरपालिका के अंतर्गत इलायचीपुर, हकीकतपुर उर्फ खुदाबास, टीला शहबाजपुर, शरफुददीनपुर जावली के पंचायत घरों को ही अन्नपूर्णा भवन में तब्दील कर दिया गया है। यह चारों गांव पहले ग्राम पंचायत के अधीन आते थे, लेकिन अब ये लोनी नगरपालिका के अधीन आते हैं। इसके अलावा विकास खंड रजापुर के कनौजा, मसूरी और भोजपुर के तिबड़ा में अन्नपूर्णा भवनों का निर्माण कार्य करवाया गया है। मनरेगा नहीं होने से क्रिटिकल गैप्स की राशि से इन भवनों का काम कराया गया है। भवन उन्हीं स्थानों पर बनाए गए हैं, जहां मालवाहक वाहन आसानी से पहुंच सकें। आम तौर पर कोटेदार अपने या किराए के मकान में राशन बांटते हैं। कोटेदार के जगह बदलने से कार्ड धारकों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अन्नपूर्णा भवन में स्थायी तौर पर राशन वितरण होगा। जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी राजीव कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि जिले में तीन अन्नपूर्णा भवन बनाए गए हैं और चार पंचायत भवनों को अन्नपूर्णा भवन में तब्दील किया गया

सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार नीचे गिर गए उपचार के दौरान एक की मौत

उजाला हितैषी एक्सप्रेस
अमित कुमार

हापुड़ । जनपद हापुड़ के थाना हापुड़ देहात क्षेत्र की गढ़ रोड स्थित सिद्धबली मार्बल शोरूम के सामने आईसर कैंटर ने रविवार को दो बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। सड़क हादसे के दौरान बाइक सवार नीचे गिर गए। उपचार के दौरान एक की मौत हो गई। मौत की सूचना पाते ही परिवार में मातम छा गया। जनपद हापुड़ के थाना बाबूगढ़ क्षेत्र के ग्राम सिमरौली निवासी शिवम कुमार रविवार शाम 6.00 बजे अपनी बुआ के लड़के के साथ किसी कार्य से हापुड़ आ रहे थे कि रास्ते में वह सड़क हादसे का शिकार हो गए। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया है।

सडक हादसे में एक युवक की जान गई, दूसरा घायल

गाजियाबाद । लोनी ट्रॉनिका सिटी की एक फैक्टरी में काम करने वाले स्कूटी सवार दो युवक रविवार रात सड़क हादसे का शिकार हो गए। दोनों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया था, वहां एक की मौत हो गई, जबकि दूसरे की हालत गंभीर है। मूल रूप से बहराइच के रहने वाले 25 वर्षीय रिंकू और उसका चचेरा भाई 22 वर्षीय गुंजन कई दिनों से ट्रॉनिका सिटी की अर्पित पेपर फैक्टरी में काम कर रहे थे। दोनों ट्रॉनिका सिटी में ही रहते थे। बताया जा रहा कि रविवार देर रात दोनों स्कूटी पर सवार होकर चाय लेने फैक्टरी से कुछ दूरी पर जा रहे थे। इसी दौरान हादसे का शिकार हो गए। दोनों घायलावस्था में सड़क पर पड़े मिले। पुलिस ने तुरंत दोनों को उपचार के लिए लोनी सीएचसी में भर्ती कराया था। जहां गंभीर हालत देखते हुए उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस के अनुसार, जीटीबी अस्पताल में सोमवार सुबह रिंकू की मौत हो गई। वहीं, गुंजन की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने रिंकू के परिजनों को सूचना दे दी है।

घर में घुसकर महिला से मारपीट,सामान भी तोड़ा

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग़ाज़ियाबाद। थाना कविनगर क्षेत्र की पीड़ता शालू ने एक दबंग पर घर में घुसकर मारपीट करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि पड़ोस के रहने वाले पंकज व उसले परिजनों ने हमसे रंझीस मानते है,जिसके चलते महिला को अकेला देख घर में घुसकर तोड़फोड़ कर मारपीट की।महिला के पति को आता देख मौके से फरार हो गया।जिसके चलते महिला के गम्भीर चोटे आई है।जिसका मेडिकल कराकर घर भेज दिया है।हालांकि मामले की शिकायत पुलिस करदी गई।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है।वहीं महिला को कठोर करवाई का आश्वासन दिया।दबंग ने महिला ल साथ अन्य एक पड़ोसी युवक के साथ भी मारपीट की है।

चैंपियनशिप में युवा घुड़सवारों ने दिखाया दम

गाजियाबाद । गुरुकुल स्कूल में आयोजित हो रही अश्वारोहण हॉर्सराइडिंग चैंपियनशिप में सोमवार को युवा घुड़सवारों ने अपना दम दिखाया। 12वीं की छात्रा सानवी सिंह ने कई स्पर्धाओं में भाग लेते हुए शीर्ष पर रही तो राज ने भी नेशनल के लिए क्वालीफाई किया। गुरुकुल स्कूल में 28 से 15 दिसंबर तक अश्वारोहण हॉर्सराइडिंग चैंपियनशिप आयोजित हो रही है। इसमें जिले के अलावा अन्य राज्यों के भी खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। गुरुकुल हॉर्स राइडिंग क्लब के अध्यक्ष सचिन वत्स ने बताया कि सोमवार को कई युवा घुड़सवारों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। गुरुकुल स्कूल की छात्र सानवी सिंह ने अलग अलग स्पर्धाओं में भाग लेते हुए सबसे ज्यादा पदक जीते। इसके अलावा राज चौधरी, मुदित सिंह, सिया यादव, जाह्नवी गर्ग ने भी मेडल जीते। दिल्ली पब्लिक स्कूल की छात्रा आइजा ने आठ वर्ष से कम आयु वर्ग वर्ग के बच्चों में पदक जीती। वहीं राज चौधरी ने भी शानदार प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय घुड़सवारी चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया।

सूचना मिलने के बाद मदद के लिए आगे आई सामाजिक संस्था

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

ग्रेटर नोएडा। जीवन अर्पण सामाजिक सेवा संस्था को सूचना मिली कि इस कड़ाके की ठंड में नोएडा सेक्टर 37 पुलिस चौकी के निकट एक अज्ञात महिला पिछले कई दिनों से घायल अवस्था में पड़ी हुई है सूचना मिलने के बाद टीम के सदस्य मौके पर पहुंचे और अपना घर आश्रम से संपर्क के लाचार महिला जिला अस्पताल में उपचार के बाद सुरक्षित आश्रम में रखवाया। मौके पर थी पुलिस चौकी फिर भी कई दिनों तक लाचार अवस्था में पड़ी रही महिला इस मौके पर दीपांशु शर्मा,निशु उपाध्याय,आर्यन शुक्ला,सोनू राणा,शालू गोयल आदि उपस्थित रहे

जल पुरस्कार के लिए 31 तक आवेदन

नोएडा । जल संरक्षण और प्रबंधन के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले स्कूलों को राष्ट्रीय जल पुरस्कार मिलेगा। इसके लिए आवेदन मांगे गए हैं। पुरस्कार के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर है। प्रथम पुरस्कार पाने वाले स्कूल को दो लाख, द्वितीय पुरस्कार में 1.5 लाख और तृतीय पुरस्कार में एक लाख रुपये और ट्रॉफी दी जाएगी। इसके लिए स्कूलों को 500 शब्द की रिपोर्ट देनी होगी। स्कूलों के कार्यों का मूल्यांकन राष्ट्रीय स्तर की टीम करेगी।

मोबाइल और डेबिट कार्ड चोरी कर 50 हजार निकाले

नोएडा । सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन पर दो लोगों ने एक व्यक्ति का मोबाइल और डेबिट कार्ड चोरी कर खाते से कई बार में 50 हजार रुपये निकाल लिए। पीड़ित ने एक नामजद और एक अज्ञात के खिलाफ फेज वन थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में गाजियाबाद के खोड़ा कॉलोनी निवासी युवराज सुत कांशीराम ने बताया कि बीते दिनों वह अपने परिजनों के साथ घर से सेक्टर-62 आ रहे थे। सेक्टर-15 मेट्रो स्टेशन के बाहर गेट नंबर तीन पर दो लोगों ने शिकायतकर्ता का मोबाइल और डेबिट कार्ड चोरी कर लिया। मोबाइल चोरी होने की जानकारी होने पर युवराज सीधे अपने निजी बैंक के ऑफिस पहुंचे और खाता व पेटीएम बंद कराया। हालांकि इस दौरान पता चला कि कुछ ही समय पहले उनके खाते से 49 हजार 953 रुपये निकाल लिए गए हैं। इसमें दो बार में दस-दस हजार रुपये की रकम एटीएम से निकाली गई। बाकी की रकम ऑनलाइन ट्रांसफर हुई। रकम शेखर रजक के खाते में ट्रांसफर हुई है। पीड़ित ने खाता धारक को ही आरोपी बनाया है।

धोखाधड़ी के मामले में कंपनी और निदेशकों पर केस दर्ज

नोएडा । सिंगापुर के राष्ट्रीय संस्थान से प्रमाणपत्र और विशेषज्ञों से प्रशिक्षण दिलाने का झांसा देकर महिला के साथ ठगी करने के मामले में एक्सप्रेसवे थाने में दो निदेशकों और कंपनी के खिलाफ केस दर्ज हुआ है। महिला का आरोप है कि नामजद निदेशकों ने कई अन्य लोगों के साथ भी इसी प्रकार की ठगी की है। शिकायत में सेक्टर-134 स्थित जेपी कॉसमॉस सोसाइटी निवासी सौम्या विश्नोई ने बताया कि वह टीसीएस कंपनी में बीते आठ सालों से काम कर रही हैं। शिकायतकर्ता ने एसएपी जीआरसी की ट्रेनिंग के लिए एसीटीई टेक्नोलॉजी की वेबसाइट पर दी गई जानकारी के आधार पर उनसे संपर्क किया। नौ मई 2024 को धनुष नामक व्यक्ति ने शिकायतकर्ता महिला के पास कॉल की और प्रशिक्षण संबंधी कई लुभावने वादे किए। एक अनुभवी टीचर से इस दौरान धनुष ने बात भी कराई ताकि महिला का विश्वास जीता जा सके। वादों के जाल में फंसकर शिकायतकर्ता और उसकी दोस्त प्रीति ने 65 हजार रुपये का भुगतान कर दिया। भुगतान के बाद प्रशिक्षण के लिए योग्य टीचर को जोड़ा गया। लेकिन कुछ ही समय बाद अनुभवहीन शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाया जाने लगा। सुबह के बैच की जगह शाम के बैच की पेशकश की गई। सर्वर एक्सेस देने में जानबूझकर देरी की गई। इस दौरान अच्छे शिक्षक से प्रशिक्षण दिलाने के लिए अतिरिक्त पैसे की मांग की गई। आरोप है कि एसीटीई टेक्नोलीज और उसके निदेशकों पन्नीरसेल्वम विनायगा मुरुगन और सुगन्या ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर सुनियोजित योजना के साथ ठगी की है। आरोप की कि दोनों निदेशक अन्य लोगों को भी ठग चुके हैं। पुलिस ने कंपनी और निदेशकों के खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली सरकार की फर्जी स्वास्थ्य क्रांति को एक्सपोज करूंगी -स्वाति मालीवाल

नई दिल्ली । दिल्ली में एक तरफ आम आदमी पार्टी जोर शोर से विकास कार्यों का प्रचार कर रही है वहीं उन्हीं की पार्टी की सांसद स्वाति मालीवाल आप की पोल खोलने में लगी है। आम आदमी पार्टी विधानसभा चुनाव के लिए अपने कैंडिडेट की लिस्ट जारी कर रही है। वहीं आप की राज्यसभा सांसद और दिल्ली महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने आज, 9 दिसंबर को अपनी पार्टी झूठे दावों की पोल खोल की बात कही है। उन्होंने ने अपने ऑफिसियल एक्स अकाउंट पर लिखा है कि कल रात 3 बजे दिल्ली के सरकारी अस्पताल पहुंचकर वहां का हाल देखा। उन्होंने दिल्ली सरकार द्वारा अस्पतालों में किये गए सुधार के दावों को झूठा ठहराते हुए लिखा है कि सब कुछ हवा हवाई है, सोशल मीडिया पर जो दिखाया जा रहा है वो सिर्फ एक छलावा है। इसके आगे उन्होंने लिखा है कि आज दिल्ली सरकार की फ़र्ज़ी स्वास्थ्य क्रांति को एक्सपोज करूँगी! वहीं उन्होंने अगले एक्स पोस्ट में लिखा कि %आज सुबह-सुबह गोविंद बल्लभ पंत अस्पताल का दौरा किया और मरीजों सहित लोगों से बातचीत की इसके साथ उन्होंने यहां के वीडियो भी साझा किये हैं। बता दें कि बीते 6 महीने से स्वाति मालीवाल और आप के संबंध ठीक नहीं चल रहे है। स्वाति मालीवाल अपनी ही पार्टी के संयोजक, मुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद, विधायक और पार्षदों पर निशाना साध रही हैं। हाल ही में उन्होंने दिल्ली के कालकाजी विधानसभा क्षेत्र का दौरा किया था। जहां उन्होंने जन समस्याएं सुनीं और क्षेत्र की खराब स्थिति को उजागर किया था। इसके पहले उन्होंने बुराड़ी विधानसभा के मुकुंदपुर में स्थानीय विधायक संजीव झा के काम की आलोचना भी की थी। मालीवाल ने कहा, आम आदमी पार्टी के नेता खुद के लिए शीश महल बनवाते हैं और जनता के लिए नरक। यह बयान इस बात का संकेत है कि पार्टी के भीतर भी असंतोष बढ़ रहा है।

किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने प्रमुख सचिव के साथ की बैठक, जेल में बंद साथियों की रिहाई की मांग

ग्रेटर नोएडा । अपनी मांगों और जेल में बंद किसानों की बिना शर्त रिहाई को लेकर सोमवार को प्रमुख सचिव औद्योगिक अनिल सागर के साथ किसानों के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल की बैठक हुई। इस बैठक में नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के एसीईओ और एडिशनल कमिश्नर शिवहरी मीणा मौजूद रहे। इससे पहले गौतमबुद्ध नगर के डीएम मनीष कुमार वर्मा के साथ भी संयुक्त किसान मोर्चा के सभी 15 घटक दलों की मीटिंग हुई। दोनों मीटिंग में संयुक्त किसान मोर्चा ने आंदोलन के दौरान जेल में बंद नेताओं और किसानों की बिना शर्त रिहाई की बात प्राथमिकता से रखी। वहीं, किसान नेताओं के घर के सदस्यों और महिलाओं को थाने में बुलाने और प्रताड़ित करने की कवायद तुरंत प्रभाव से रोके जाने की मांग भी की। संयुक्त किसान मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट किया कि वार्ता और संवाद से ही समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। किसानों ने कहा कि शासन-प्रशासन और सरकार संयुक्त किसान मोर्चा के आंदोलन को अपनी बातों को मनवाने का एक माध्यम मात्र ही समझा जाए और गौतमबुद्ध नगर के आंदोलन को देश में अन्यत्र स्थान पर हो रहे आंदोलन के साथ जोड़कर नहीं देखा जाए। किसानों ने मांग की है कि सर्वप्रथम तुरंत प्रभाव से संयुक्त किसान मोर्चा का एक डेलिगेशन जेल में मीटिंग के लिए भेजा जाए। जिससे वार्ता का यह दौर आगे की तरफ चले और जेल में बंद नेताओं से बात कराई जाए। किसानों की मांग को लेकर एडिशनल कमिश्नर शिवहरी मीणा और डीएम गौतमबुद्ध नगर दोनों ने ही पुलिस के इन क्रियाकलापों पर तुरंत प्रभाव से रोक लगाने और किसानों की बिना शर्त रिहाई के लिए आश्वस्त किया। प्रमुख सचिव औद्योगिक विकास ने आंदोलन के मुद्दों पर विस्तृत चर्चा कर मांगों पर आश्वासन दिया। इस मौके पर किसानों ने कहा कि उनके संगठनों में कोई फूट नहीं है। हम सभी एक साथ हैं और आगे बढ़ रहे हैं। संयुक्त किसान मोर्चा ने उम्मीद जताई है कि इस मीटिंग के बाद शासन-प्रशासन सकारात्मक रवैया अपनाएगा और अफरा-तफरी के इस माहौल को खत्म करके संवाद की तरफ आएगे। संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि सबसे पहले जेल में बंद अपने नेताओं और किसानों को बाहर लाएगा और फिर संवाद की रणनीति के तहत जिन मुद्दों पर आंदोलन शुरू हुआ था, उन्हें आगे लेकर चलेगा और समाधान करेगा।

उत्तराखंड के लोक कलाकार 15 को बिखेरेंगे जलवा

ग्रेटर नोएडा । सामाजिक संस्था उत्तराखंड सांस्कृतिक समिति द्वारा 15 दिसंबर को शहर के धर्म पब्लिक स्कूल परिसर में उत्तराखंडी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में उत्तराखंड के लोक कलाकार अपनी लोक संस्कृति का जलवा बिखेरेंगे। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। मुख्य आकर्षण माधो सिंह भंडारी की वीरता को दर्शाती नृत्य नाटिका %हम उत्तराखंडी छां% तथा देवभूमि की सुप्रसिद्ध मां नंदा देवी राजजात की झांकी होगी। संस्था के अध्यक्ष जेपीएस रावत ने बताया कि ग्रेटर नोएडा क्षेत्र में रह रहे प्रवासी उत्तराखंडियों की नई पीढ़ी को पहाड़ की लोक संस्कृति से रूबरू कराने के उद्देश्य से हर साल भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। 15 दिसंबर को होने वाले कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों में पढ़ रहे उत्तराखंड मूल के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया जाएगा। इस बार कार्यक्रम में उत्तराखंड के सुपरहिट लोकगायक सौरभ मैठाणी, लोक गायिका खुशी जोशी, हास्य कलाकार पन्नू गुसाईं, लोक गायिका शशि पाठक, लोक गायक किशोर कबड्वाल आदि लोक कलाकार अपने गीत संगीत के माध्यम से ग्रेटर नोएडा वासियों को पहाड़ की वादियों से रूबरू कराएंगे।

विजेंद्र गुप्ता ने सरिता विहार अस्पताल का निरीक्षण कर आप पर लगाए गंभीर आरोप

नई दिल्ली । दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने आज दिल्ली सरकार की तरफ से सरिता विहार में बन रहे अस्पताल का निरीक्षण किया और आम आदमी पार्टी (आप) की सरकार पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि आम आदमी पार्टी ने 336 बेड का अस्पताल बनाने का वादा किया था, लेकिन पिछले डेढ़ साल से अस्पताल का निर्माण कार्य रुका हुआ है। इस स्थिति के कारण अस्पताल के बजट में 100 फीसदी से अधिक की वृद्धि हुई है और यह पूरा अस्पताल खंडहर में तब्दील हो चुका है। गुप्ता ने आरोप लगाया कि अस्पताल बनाने के नाम पर आम आदमी पार्टी ने करोड़ रुपये का घोटाला किया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार ने चार साल में भी इस अस्पताल को पूरा नहीं किया और न ही इसकी कोई ठोस योजना बनाई। अस्पताल के निर्माण के लिए आवंटित किया गया पूरा बजट व्यर्थ हो गया है। नेता प्रतिपक्ष ने यह भी कहा कि दिल्ली सरकार यह तय नहीं कर पाई कि अस्पताल किस प्रकार का होगा और इस परियोजना की कोई स्पष्ट दिशा नहीं दिखाई दे रही है। उन्होंने दावा किया कि अगर दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनती है, तो छह महीने के अंदर इस अस्पताल का निर्माण पूरा कर लिया जाएगा और इसे जनता को समर्पित कर दिया जाएगा। विजेंद्र गुप्ता ने दिल्लीवासियों को आश्वासन दिया कि बीजेपी की सरकार आने पर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार किया जाएगा और अस्पतालों को प्राथमिकता दी जाएगी।

आप उम्मीदवारों की सूची पर भाजपा ने केजरीवाल और सिसोदिया को घेरा

नई दिल्ली । दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने सोमवार आम आदमी पार्टी (आप) के विधानसभा चुनाव में उम्मीदवारों की दूसरी सूची पर प्रेस वार्ता कर आप की आलोचना की। उन्होंने कहा कि अब नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे यह दिल्ली के आम जनमानस का नारा बन चुका है। प्रेस वार्ता में सांसद हर्ष मल्होत्रा भी मौजूद रहे। वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि %अब नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे% से केजरीवाल डरे हुए हैं। दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री अपनी सीट छोड़कर भाग रहे हैं तो समझ लीजिए यह डर कितना बड़ा है। सचदेवा ने कहा कि प्रदेश के पूर्व उप-मुख्यमंत्री का अपनी सीट छोड़कर भागना स्पष्ट रूप से आम आदमी पार्टी (आप) के डर और घबराहट को दर्शाता है। दिल्ली की जनता केजरीवाल सरकार से त्रस्त हो चुकी है, और यह तय है कि केजरीवाल और आतिशी मार्लेना भी अपनी सीट छोड़कर भागेंगे। उन्होंने कहा कि स्वराज की बात करने वाले अरविंद केजरीवाल अपनी पार्टी में परिवारवाद को बढ़ावा देते हुए चांदनी चौक और कृष्ण नगर से टिकट दे रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा जारी की गई आज की सूची से पता चलता है कि अरविंद केजरीवाल की पार्टी डूब रही है। अगर मनीष सिसोदिया को भागना पड़ा और भगोड़े की तरह अपनी सीट बदलनी पड़ी तो यह आप कार्यकर्ताओं और जनता दोनों को एक मजबूत संदेश जाता है। इससे पता चलता है कि वे हार गए हैं। दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मनीष सिसोदिया ने लोगों की सेवा नहीं की बल्कि उन्हें लूटा है, इसलिए वे अब सीट बदल कर भाग रहे हैं। सचदेवा ने कहा कि केजरीवाल किसी के घर नहीं जाते लेकिन अपनी पार्टी के एक नेता शोएब इकबाल (मटिया महल) के घर गए। आप की सबसे सुरक्षित जगह मटिया महल है। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार से जन्मी यह पार्टी, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर ही खत्म होगी। इस दौरान हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी का जहाज डूब रहा है। 31 में से 50 प्रतिशत सीटें बदल गई हैं। मनीष सिसोदिया की सीटें काट दी गई हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता कह रही है अब नहीं सहेंगे, अब बदल के रहेंगे। इस बात का असर केजरीवाल, मनीष सिसोदिया और आतिशी पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि केजरीवाल दिल्ली में क्या-क्या विकास किए हैं। वह नहीं बता रहे। दिल्ली में एक भी अस्पताल, सड़कें और स्कूल कुछ भी अच्छा नहीं है।

गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 (हार्डवेयर संस्करण) के लिए प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

नोएडा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह घोषणा की कि वह पूरे देश में केवल 13 संस्थानों में से एक है जिसे प्रतिष्ठित स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 (SIH) के हार्डवेयर संस्करण की मेजबानी के लिए चुना गया है। यह प्रमुख आयोजन, जिसे शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, AICTE, SBI फाउंडेशन, और IyC द्वारा संचालित किया जा रहा है, विश्वविद्यालय की नवाचार को बढ़ावा देने और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय चुनौतियों के समाधान के लिए सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इस पाँच दिवसीय आयोजन में 9 राज्यों से लगभग 300 छात्रों की 40 टीमें भाग लेंगी। ये टीमें तीन प्रमुख मंत्रालयों द्वारा दिए गए 7 समस्या बयानों को हल करेंगी- नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (NCB) जल शक्ति मंत्रालय राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (NDRF), गृह मंत्रालय (MHA)हर समस्या बयान एक वास्तविक जीवन की चुनौती है, जिससे छात्रों को अपनी रचनात्मकता और तकनीकी कौशल का उपयोग करके नवीन समाधान प्रस्तुत करने का अनूठा अवसर मिलेगा। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर के. मल्लिकार्जुना बाबू ने कहा, भारत भर में SIH-2024 के संस्करणों की मेजबानी के लिए चुने गए 51 संस्थानों में से केवल 13 को हार्डवेयर संस्करण के लिए चुना गया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी का इस सूची में शामिल होना, हमारी शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार में नेतृत्व का पुनः प्रमाणित करता है। प्रोफेसर अवधेश कुमार, प्रो-वाइस चांसलर, ने यूनिवर्सिटी के पिछले SIH संस्करणों की मेजबानी के अनुभव को साझा करते हुए कहा, हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर संस्करण दोनों के आयोजन में हमारी उत्कृष्टता ने हमें प्रतिभागियों और मेंटर्स के लिए एक उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करने में सक्षम बनाया है। यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार नितिन गौर ने आयोजन के लिए व्यापक व्यवस्थाओं को रेखांकित करते हुए कहा, हमने सभी तैयारियों, जैसे परिवहन, आवास और आयोजन प्रबंधन को विश्वस्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए पूरी तरह से सुनिश्चित किया है। गलगोटिया यूनिवर्सिटी के छात्र भी इस आयोजन की सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। IQAC निदेशक और नोडल सेंटर प्रमुख, प्रोफेसर मीनाक्षी शर्मा ने आयोजन के पीछे की व्यापक योजना और समन्वय के बारे में बताया, हमने 15 समर्पित समितियाँ बनाई हैं, जिनमें 105 फैकल्टी सदस्य और 300 छात्र स्वयंसेवक शामिल हैं। ये समितियाँ सभी कार्यों को सुचारू रूप से संपन्न करने के लिए काम कर रही हैं। इनमें बीओएम और वेन्यू प्रबंधन, पंजीकरण, ब्रांडिंग, दस्तावेज़ सहायता, मीडिया, फैब लैब, आवास, आईटी समर्थन, जूरी और मूल्यांकन, खेल और योग, स्वास्थ्य, भोजन, रखरखाव और सोशल मीडिया जैसी जिम्मेदारियाँ शामिल हैं। डॉ. गौरव कुमार, कोर कमेटी इंचार्ज, ने बताया, बायो-इन्वोवेटर्स गिल्ड्स फॉर सस्टेनेबिलिटी (BIGS), स्टूडेंट काउंसिल, NSS, NCC और स्पोर्ट्स काउंसिल जैसे संगठनों के 300 से अधिक छात्र स्वयंसेवक टीमों की सहायता करेंगे, ताकि हर प्रतिभागी को पूरा सहयोग मिल सके। स्मार्ट इंडिया है काथॉन के बारे में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन एक राष्ट्रीय नवाचार पहल है, जिसका उद्देश्य छात्रों की रचनात्मकता का उपयोग करके वास्तविक समस्याओं का समाधान करना है। यह शैक्षणिक ज्ञान और व्यावहारिक अनुप्रयोगों के बीच की खाई को पाटता है और युवाओं में अनुसंधान, नवाचार और महत्वपूर्ण सोच को बढ़ावा देता है। स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन-2024 के लिए मेजबान के रूप में गलगोटिया यूनिवर्सिटी की भूमिका न केवल इसकी शैक्षणिक और तकनीकी उत्कृष्टता के प्रति समर्पण को दर्शाती है, बल्कि यह विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग, रचनात्मकता और नवाचार को बढ़ावा देने में इसके नेतृत्व का प्रमाण भी है।

जेवर इकोनॉमी के ग्रोथ सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है - राम मोहन नायडू

ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा के जेवर इलाके में नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को पहली ट्रायल उड़ान की शुरुआत हुई। इस दौरान विमान को रनवे पर लैंड कराया गया और सारे सुरक्षा उपकरणों की जांच हुई। इस अवसर पर केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू भी मौजूद थे। उनके साथ गौतमबुद्ध नगर के सांसद, विधायक समेत डीजीसीए के अधिकारी भी उपस्थित थे। इस दौरान केंद्रीय मंत्री नायडू ने कहा, इस डबल इंजन सरकार को पता है कि एक एयरपोर्ट किस तरीके के विकास को ला सकता है। इससे पूरे रीजन में विकास और इकोनॉमिक एक्टिविटी को बढ़ावा मिल सकता है। %उन्होंने कहा कि पहले जेवर एक बैकवर्ड एरिया में जाना जाता था, लेकिन इस ट्रायल रन के बाद पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए जेवर फॉरवर्ड और इकोनॉमी के ग्रोथ सेंटर के रूप में जाना जाने लगा है। यह एयरपोर्ट सिर्फ पैसेंजर को ही एक स्थान से दूसरे स्थान तक नहीं पहुंचाएगा, बल्कि, कारोबार की दृष्टि से बड़ा कार्गो हब भी होगा। बहुत सारी जॉब पैदा होंगी। हॉस्पिटैलिटी सेक्टर बढ़ेगा। यहां एयरो सेक्टर में कई मल्टीपल इंडस्ट्री ग्रोथ करेंगी। यह फ्यूचर में जॉब पैदा करने का नया स्तंभ भी होगा। उन्होंने कहा कि यह एक मील का पत्थर साबित होगा और इससे ना सिर्फ नई नौकरियां लोगों को मिलेंगी बल्कि विकास के सारे रास्ते भी खुलेंगे। आज मैं इस वैलिडेशन फंक्शन में मौजूद होकर काफी ज्यादा खुश हूं। जब भी मैं कहीं जाता था तो लोग मुझसे अक्सर यही पूछते थे कि जेवर एयरपोर्ट कब शुरू होगा और मुझे इस बात की खुशी है कि आज इस प्रोग्राम के बाद मुझे लग रहा है कि जल्द से जल्द लोग यहां से उड़ान भरेंगे। गौरतलब है कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी ट्रायल पूरे हो चुके हैं। पहली लैंडिंग के साथ जेवर एयरपोर्ट कमर्शियल सेवाओं के लिए तैयार हो गया है। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने सभी सुरक्षा जांच के बाद नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर विमान की पहली लैंडिंग की इजाजत दी थी। जिसके बाद डीजीसीए ने इस एयरपोर्ट का परीक्षण किया था। अब हरी झंडी मिलने के बाद सोमवार को पहले विमान की ट्रायल लैंडिंग हुई। माना जा रहा है कि अप्रैल 2025 से यहां से कमर्शियल फ्लाइट शुरू हो जाएगी, जो पूरे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए बड़ा इकोनॉमिक ग्रोथ का हब बनेगा।

उप्र के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा पहला विमान, इंडिगो फ्लाइट की सफल लैंडिंग

ग्रेटर नोएडा । उत्तर प्रदेश के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर सोमवार को फ्लाइट की सफलपूर्वक टेस्ट लैंडिंग हुई। इंडिगो एयरलाइन की फ्लाइट संख्या.320 नियो ने नोएडा एयरपोर्ट पर पहली सफल लैंडिंग की। एयरपोर्ट पर विमान का वॉटर कैनन से स्वागत किया गया। ये एयरपोर्ट अप्रैल 2025 से कमर्शियल उड़ानों के लिए खुल जाएगा। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (एनआईएएल) ने अप्रैल 2025 में हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले, नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के लिए पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण आयोजित किया। एनआईएएल ने अगले साल 17 अप्रैल, 2025 को हवाई अड्डे के वाणिज्यिक उद्घाटन से पहले आज पहला उड़ान सत्यापन परीक्षण किया। राजधानी दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइन का एक परीक्षण विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए नोएडा के जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। अगले साल अप्रैल, 2025 में वाणिज्यिक उड़ान संचालन शुरू होने से पहले ये विमान तकनीकी मूल्यांकन के लिए जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर उतरा। अधिकारियों ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा से जुड़े सभी परीक्षण पूरे हो गए हैं। नया इंटरनेशनल एयरपोर्ट अपने शुभारंभ के लिए तैयार है। अप्रैल में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों गंतव्यों के लिए करीब 30 उड़ानें रवाना होने की उम्मीद है। इसके पहले चरण में प्रमुख घरेलू शहरों को जोड़ने वाली 25 उड़ानें और अंतरराष्ट्रीय गंतव्यों के लिए, तीन उड़ानें होंगी। इसके अलावा दो उड़ानें कार्गो सेवाओं पर केंद्रित होंगी। उल्लेखनीय है कि नोएडा एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा एवं 60 मीटर चौड़ा पहला रनवे तैयार है। रनवे पर मार्किंग और लाइटिंग का कार्य पूरा हो चुका है।

बढ़ते अपराधों पर ओछी राजनीती कर रहे हैं केजरीवाल - देवेन्द्र यादव

नई दिल्ली । दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने दिल्ली में बिगड़ती कानून व्यवस्था पर चिंता व्यक्त करते हुए राजधानी के 40 स्कूलों को बम से उड़ाने की ईमेल और दो स्कूलों में बम की खबर हजारों बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा बहुत ही संवेदनशील मामला है, जिस पर भाजपा अपनी जवाबदेही से भाग रही है और आम आदमी पार्टी कुछ जिम्मेदारी लेने की बजाय अपनी राजनीतिक रोटी सेक रही है। दो। श्री यादव ने कहा कि दिल्ली की रक्षा और सुरक्षा जहां खतरे में पड़ी है, उसके लिए बराबर के जिम्मेदार अरविन्द केजरीवाल हैं, जिन्होंने मुख्यमंत्री बनने से पहले दिल्ली वालों को सुरक्षा व्यवस्था देने का वादा किया था। देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी सत्ता की लड़ाई में व्यस्त है और राजधानी में खुले आम अपराधों का तांडव मचा हुआ है। खुले आम गोलीबारी, गैंगवार, डकैती, किडनैपिंग, छोटे कारोबारियों, व्यवसायियों और उद्योगपतियों से फिरौती मांगना, झपटमारी, बच्चियों और महिलाओं के खिलाफ अत्याचार, उत्पीड़न, यौन शोषण और बलात्कार की घटनाओं को अपराधी बेखौफ अंजाम दे रहे हैं, जिससे दिल्ली पूरी तरह त्रस्त है। स्कूलों में बम की खबर और 29 नवम्बर को प्रशांत विहार के सीआरपीएफ स्कूल के बाहर बम धमाका राजधानी में स्कूली बच्चों की सुरक्षा पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया जिसकी जिम्मेदारी दिल्ली सरकार को लेनी चाहिए, परंतु अरविन्द केजरीवाल और मनीष सिसोदिया भटकाउ बयान देकर दिल्ली की जनता को गुमराह कर रहे है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि हजारों करोड़ रुपये खर्च करने के बावजूद दिल्ली पुलिस के पास सुविधा नही है कि वो साईबर क्राईम पर काबू पा सके। ईमेल द्वारा धमकी के बावजूद पुलिस असहाय नजर आना, उनकी विफलता को दर्शाता है, जबकि बिना पहचान के ईमेल इस्तेमाल नही हो सकती। उन्होंने कहा कि दिल्ली के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी आखिर किसकी है? भाजपा और आम आदमी पार्टी के नेता दिल्लीवालों को पूरी तरह बेसहारा छोड़कर दिल्ली के गरीबों के बीच जाकर उनके विकास की बात कर रहे है, उनकी सुरक्षा की गारंटी कोई नही दे रहा। देवेन्द्र यादव ने कहा कि आजादी के बाद राजधानी में कानून व्यवस्था इतनी कभी बदहाल नही दिखी, जितनी दिल्ली में आम आदमी पार्टी और केन्द्र में भाजपा के शासन के दौरान देखने को मिल रही है। आज हर नागरिक भय के साए में जी रहा है और महिलाएं, व्यवसायी, बच्चों को हमेशा डर सताता है कि कहीं कोई दुर्घटना न हो जाए। उन्होंने कहा कि मैं केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह से अनुरोध करता हूं कि दिल्ली वासियों खासकर महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए दिल्ली पुलिस आयुक्त को संज्ञान में लेकर कानून व्यवस्था में सुधार लाने के लिए कड़े इंतजाम करें और 11000 से अधिक पुलिस भर्ती पर भी तुरंत कार्यवाही की जाए ताकि उचित व्यवस्था में पुलिस कर्मियों को जनता की सुरक्षा के लिए मुहैया कराया जा सके।

उत्तराखंड - पहाड़ों में सीजन की पहली बर्फबारी शुरू

चमोली । उत्तराखंड के चमोली में पहाड़ों में एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल चुका है। पहाड़ों में सीजन की पहली बर्फबारी शुरू हो चुकी है। यहां लगातार बर्फबारी हो रही है। बर्फबारी होने से एक बार फिर से तापमान में गिरावट आ चुकी है। बर्फबारी के बाद लोग कड़ाके की ठंड महसूस कर रहे हैं और अपने घरों में दुबकने के लिए मजबूर हो चुके हैं। उत्तराखंड के औली में भी तकरीबन आधा फीट के आसपास बर्फ की चादर पूरी तरह से बिछ गई है। इसके चलते यहां पर पहुंचे हुए सैलानी बर्फबारी का लुत्फ उठाते हुए देखे जा रहे हैं। ग्रामीण इलाके एक बार फिर से बर्फ की चादर में पूरी तरह से ढके हुए नजर आ रहे हैं। मौसम विज्ञान केंद्र की भविष्यवाणी एक बार फिर से पहाड़ों में सही सटीक साबित हो चुकी है। बद्रीनाथ धाम से लेकर श्री हेमकुंड साहिब, नीति घाटी में तमाम ग्रामीण इलाके इस वक्त पूरी तरह से बर्फ की चादर में ढक चुके हैं। उधर, उत्तराखंड के अलावा हिमाचल प्रदेश के लिए भी रविवार (8 दिसंबर) का दिन खास रहा, जब शिमला और किन्नौर जिलों में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। बर्फबारी होने के कारण ठंड बढ़ गई है। शिमला की सड़कों पर बर्फ की सफेद चादर बिछ गई है। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में भी दिसंबर के दूसरे सप्ताह में सीजन की पहली बर्फबारी हुई। कई दशक बाद यहां इतनी जल्दी बर्फ गिरी है। आमतौर पर शिमला में बर्फबारी दिसंबर के अंत या जनवरी में होती है। इस बार समय से पहले बर्फबारी ने पर्यटकों को भी सरप्राइज किया। शिमला में सैर करने आए पर्यटक इस बर्फबारी का जमकर आनंद ले रहे हैं। बर्फ से ढकी पहाड़ियों और सड़कों पर पर्यटक मस्ती करते हुए बर्फ में खेलते नजर आ रहे हैं।

पीएम मोदी ने सोनिया गांधी को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कांग्रेस की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, सोनिया गांधी को उनके जन्मदिन पर बधाई। मैं उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए प्रार्थना करता हूं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर पोस्ट कर कहा, कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं। हाशिए पर मौजूद लोगों के अधिकारों की सच्ची चैंपियन, प्रतिकूल परिस्थितियों के बीच अत्यंत अनुग्रह, सम्मान और साहस की प्रतीक, सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने एक्स पर लिखा, सोनिया गांधी को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं अनंत शुभकामनाएं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने भी सोनिया गांधी को जन्मदिन की बधाई दी। उन्होंने अपने सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर कहा, हमारे समय की प्रतिष्ठित नेता, सीपीपी अध्यक्ष सोनिया गांधी को जन्मदिन की मेरी तरफ से शुभकामनाएं और हार्दिक सम्मान। उन्होंने आगे कहा, उनके द्वारा किए गए अपार बलिदानों के बावजूद, भारत के लिए उनका अद्वितीय योगदान दुनिया भर में लाखों लोगों के लिए प्रेरणा है। डॉ. मनमोहन सिंह के नेतृत्व में सुशासन के वर्षों के दौरान उनके मार्गदर्शन ने भारत की स्वतंत्रता के बाद विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने आगे कहा, लगातार विरोधों का सामना करने के बावजूद उन्होंने अपनी सार्वजनिक सेवा में बहुत समझदारी और प्रतिबद्धता दिखाई है। उनका समर्थन और दृष्टिकोण हमारी पार्टी के लिए ताकत का बड़ा स्रोत बना हुआ है। सोनिया गांधी 9 दिसंबर को 78 साल की हो गई हैं। वह पिछले तीन दशकों से कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व की जिम्मेदारी संभाल रही हैं।

एमपी शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह का मंगलवार को मुख्य महोत्सव, सीएम योगी करेंगे अध्यक्षता

गोरखपुर । महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह समारोह का मुख्य महोत्सव (समापन कार्यक्रम) मंगलवार को महाराणा प्रताप इंटर कॉलेज के मैदान पर भव्यतापूर्वक होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोरक्षपीठाधीश्वर एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। मुख्य अतिथि के रूप में नोबल पुरस्कार विजेता, बचपन बचाओ आंदोलन के प्रणेता कैलाश सत्यार्थी उपस्थित होंगे। इस वर्ष परिषद की तरफ से उत्कृष्टता के आधार पर संस्थाओं, शिक्षकों, कर्मचारियों और 800 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, पदक और नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मुख्य महोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार सुबह 9.30 बजे से प्रारंभ होगा। 1932 में पूर्वी उत्तर प्रदेश में शैक्षिक पुनर्जागरण के ध्येय से ब्रह्मलीन गोरक्षपीठाधीश्वर महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक सप्ताह का शुभारंभ 4 दिसंबर को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम के साथ हुआ था। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर उपस्थित थे। 10 दिसंबर को इसका समापन सप्ताह भर चली विभिन्न प्रतियोगिताओं के मेधावियों को पुरस्कृत करने के साथ होगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली प्रतिभाएं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, नोबल पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी के हाथों पुरस्कृत होंगी। इस दौरान परिषद की सर्वश्रेष्ठ संस्था, सर्वश्रेष्ठ शिक्षक, सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी, इंटरमीडिएट, स्नातक व परास्नातक के सर्वश्रेष्ठ विद्यार्थी को स्वर्ण पदक भी प्रदान किया जाएगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 92वें संस्थापक समारोह के समापन अवसर पर श्रेष्ठतम संस्था का महायोगी श्री गोरक्षनाथ स्वर्ण पदक कन्या इंटर कॉलेज रमदत्तपुर को मिलेगा। श्रेष्ठतम परिचारक के लिए ब्रह्मलीन महंत गोपालनाथ स्वर्ण पदक एमपी इंटर कॉलेज सिविल लाइंस के बृजानंद को, श्रेष्ठतम कर्मचारी के लिए योगिराज बाबा ब्रह्मनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के बृजेश विश्वकर्मा को, श्रेष्ठतम शिक्षक के लिए योगिराज बाबा गंभीरनाथ स्वर्ण पदक गुरु गोरक्षनाथ इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (आयुर्वेद कॉलेज) के शिक्षक डॉ. सुमित कुमार को प्राप्त होगा। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद की संस्थाओं में स्नातकोत्तर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ स्वर्ण पदक डीवीएनपीजी कॉलेज के सागर चौधरी को, स्नातक के श्रेष्ठतम विद्यार्थी के रूप में ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्वर्ण पदक एमपीपीजी कॉलेज जंगल धूसड़ के निमिष सिंह को तथा हाईस्कूल-इंटर के श्रेष्ठतम विद्यार्थी का महाराणा मेवाड़ स्वर्ण पदक एमपी बालिका इंटर कॉलेज सिविल लाइंस की गौरी गौड़ को प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त 12 मेधावियों को विभिन्न विभूतियों के नाम पर नकद राशि सहित स्मृति पुरस्कार और बोर्ड परीक्षा/विश्वविद्यालय परीक्षा में विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले 9 विद्यार्थियों को विशेष छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी।

उत्तराखंड की विशिष्टता के बारे में बताएं मेधावी छात्र- धामी

देहरादून । उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को यहां स्थित शिक्षा निदेशालय से हाईस्कूल परीक्षा, 2024 के टॉपर 157 छात्र-छात्राओं के दल को 'भारत दर्शन शैक्षिक भ्रमण यात्रा' पर हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि मेधावी छात्र- छात्राएं भ्रमण कार्यक्रम के दौरान, देशवासियों को उत्तराखंड की विशिष्टता से भी परिचित कराने का काम करेंगे। अपने संबोधन में श्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड आज ऐसे निर्णय ले रहा है, जो पूरे देश के लिए बेस्ट प्रैक्टिस साबित हो रहे हैं। खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नौ नवंबर के संबोधन में इन निर्णयों का उल्लेख कर राज्य सरकार को प्रोत्साहित किया है। प्रधानमंत्री ने इसे उत्तराखंड में विकास का महायज्ञ करार दिया है। इसी क्रम में, अब प्रदेश सरकार बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्र-छात्राओं को देश के विभिन्न राज्यों के एतिहासिक, शैक्षिक महत्व वाले स्थलों के भ्रमण पर भेज रही है। उन्होंने कहा कि पहला दल आज हिमाचल, पंजाब, चंड़ीगढ़, हरियाणा, दिल्ली के एतिहासिक स्थलों के भ्रमण पर जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये भ्रमण उत्तराखंड की शिक्षा व्यवस्था में नया अध्याय जोड़ेगा। उन्होंने आह्वान किया कि छात्र-छात्राएं इस दौरान जहां भी जाएंगे, वहां उत्तराखंड के ब्रांड अम्बेसडर के तौर पर खुद को पेश करें। इसलिए सभी छात्र-छात्राएं उत्तराखंड की पवित्र नदियों, देवस्थानों, मौसम, पर्यटन स्थलों के बारे में जानकारी लेकर जाएं। उन्होंने कहा कि शीतकाल के लिए चारधामों के कपाट बंद होने के बाद अब शीतकालीन प्रवास स्थल पर भगवान के दर्शन हो सकते हैं। इसके लिए राज्य सरकार शीतकालीन यात्रा प्रारंभ कर चुकी है। उन्होंने सुझाव दिया कि दल में शामिल छात्र-छात्राएं इस बात की जानकारी दे सकते हैं कि शीतकालीन गद्दी पर भी लोग दर्शन कर पुण्य प्राप्त कर सकते हैं। इस बीच, श्री धामी ने भारतीय भाषा सप्ताह की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत विविधता में एकता का उदाहरण पेश करता है। भारतीय भाषा सप्ताह हमारे अंदर भारतीयता का गौरव भाव पैदा करेगा। उन्होंने महाकवि सुब्रमण्यम भारती का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ऐसे अनेक नायको से परिचित हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड वासियों से जो नौ आग्रह किए हैं, उसमें अपनी क्षेत्रीय बोली भाषा का संरक्षण भी शामिल है। इसलिए सभी मेधावी अपनी बोली भाषा संस्कृति का भी संरक्षण करें। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर विद्या समीक्षा केंद्र का दूसरे चरण करने और निदेशालय में जलभराव की समस्या से निपटने के लिए नाली निर्माण की भी घोषणा की है। राज्य के शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि पहली बार कोई राज्य सरकार अपने प्रदेश में ब्लॉक स्तर के टॉपर दो-दो बच्चों के लिए इस तरह का शैक्षिक भ्रमण कार्यक्रम शुरू कर रही है। इस दौरान, ये मेधावी आईआईटी, एनआईटी, आईआईएम के साथ ही, वहां के राज्यपाल और मुख्यमंत्रियों से भी मिलेंगे। उन्होंने कहा कि अपार आईडी तैयार करने में भी उत्तराखंड देश के टॉप 10 राज्यों में शामिल है। अब तक राज्य में 45 प्रतिशत छात्र -छात्राओं की अपार आईडी बन चुकी है। उन्होंने कहा कि अगले शैक्षिक सत्र से सरकार सभी छात्र छात्राओं का निशुल्क पाठ्य पुस्तकों की तर्ज पर कॉपियां भी प्रदान करेगी। इस अवसर पर, क्षेत्रीय विधायक उमेश शर्मा काऊ, राजपुर विधायक खजान दास, कैंट विधायक सविता कपूर के साथ ही विभागीय सचिव रविनाथ रमन, महानिदेशक झरना कमठान सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

अन्तर्जनपदीय वाहन चोर गिरोह के 03 शातिर सदस्य गिरफ्तार

उजाला हितैषी एक्सप्रेस

बुलंदशहर । जनपद में अपराधों पर अंकुश लगाये जाने हेतु अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 08/09.12.2024 की रात्रि में स्वाट टीम व थाना औरंगाबाद पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध वाहन/व्यक्तियों की चैकिंग के दौरान औरंगाबाद बुलन्दशहर रोड़ पर, ग्राम नंगला करने वाले रास्ते से 03 वाहन चोरो को चोरी की 01 मोटरसाईकिल, अवैध असलहा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्तों की निशांदेही पर पास की खंडर बिल्डिंग के एक कमरे से चोरी की 14 अन्य मोटरसाइकिलों को बरामद किया गया।

अभियुक्तो की गिरफ्तारी व बरामदगी के संबंध में थाना औरंगाबाद पर मुअसं- 337/24 धारा 318(4)/317(5)/317(2) बीएनएस व 3/25 शस्त्र अधि0 पंजीकृत कर अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम पता 1.मनीष पुत्र रामभूल निवसी दौलतराम कालोनी कस्बा व थाना दादरी जनपद गौतमबुद्धनगर। 2.करन पुत्र अशोक कुमार निवासी म0नि0 318 अंखल हाऊसिंग तिलपता थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्धनगर । 3.सहवाग पुत्र राम निवासी कौलाशपुर रोड़ लाल बाऊण्ड्री तिपता थाना सूरजपुर जनपद गौतमबुद्ध नगर।

गिरफ्तार अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी हैं, जो अलग-अलग जनपदों से मोटरसाइकिल चोरी करते है तथा उनपर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर, उन्हें बेचकर आर्थिक लाभ प्राप्त करते है। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 DL-35CL-9335 को कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के थाना फेज-2 नोएडा से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना फेज-2 नोएडा पर मुअसं- 102/19 धारा 379 भादवि पंजीकृत पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल प्लस नं0 UP-16DK-6771 को जनपद बुलन्दशहर के थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 1041/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल प्लस नं0 UP-16DL-5889 को कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के थाना सूरजपुर क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना सूरजपुर पर मुअसं- 682/24 धारा 303(2) बीएनएस पंजीकृत पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल प्लस नं0 UP-13C-6818 को जनपद बुलन्दशहर के थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 1043/24 धारा 303(2) बीएसएस पंजीकृत पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल स्प्लेंडर नं0 UP-13BA-7494 को जनपद बुलन्दशहर के थाना सिकन्द्राबाद क्षेत्र से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना सिकन्द्राबाद पर मुअसं- 1017/24 धारा 303(2) बीएसएस पंजीकृत पंजीकृत हैं। अभियुक्तों द्वारा बरामद मोटरसाईकिल अपाचे नं0 UP-14AM-6357 को जनपद गौतमबुद्धनगर क्षेत्र के थाना कोतवाली नगर से चोरी किया गया था जिसके संबंध में थाना कोतवाली नगर पर मुअसं- 1672/17 धारा 379 भादवि पंजीकृत पंजीकृत हैं। शेष बरामद चोरी की बाइक को ट्रैस करने का प्रयास किया जा रहा हैं।

भारतीय नौसेना को मिला 'तुशिल'

नई दिल्ली । रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की मौजूदगी में सोमवार को रूस के कलिनिनग्राद स्थित यंतर शिपयार्ड में अत्याधुनिक बहुउद्देशीय स्टील्थ-गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल (एफ 70) को भारतीय नौसेना में शामिल किया गया। श्री सिंह इन दिनों रूस की यात्रा पर हैं। उन्होंने इस अवसर पर तुशिल की कमीशनिंग को भारत की बढ़ती समुद्री ताकत का गौरवपूर्ण प्रमाण और भारत तथा रूस के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर बताया। उन्होंने कहा कि दोनों देश साझा मूल्यों, आपसी विश्वास और विशेष एवं रणनीतिक विशेषाधिकार प्राप्त साझेदारी से बंधे हैं। रक्षा मंत्री ने 'आत्मनिर्भर भारत' के दृष्टिकोण पर रूस के समर्थन को भारत और रूस के बीच गहरी दोस्ती का एक और महत्वपूर्ण उदाहरण बताया। उन्होंने कहा, आईएनएस तुशिल सहित कई जहाजों में मेड इन इंडिया सामग्री लगातार बढ़ रही है। यह जहाज रूसी और भारतीय उद्योगों की सहयोगी क्षमता का बड़ा सबूत है। यह संयुक्त कौशल के माध्यम से तकनीकी उत्कृष्टता की ओर भारत की यात्रा का उदाहरण है। भारत और रूस की नौसेनाओं के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डालते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में दोनों देशों के बीच समग्र रूप से बढ़ते संबंधों के तहत तकनीकी और परिचालन सहयोग लगातार नई ऊंचाइयों को छू रहा है। उन्होंने हिंद महासागर क्षेत्र में शांति और सुरक्षा के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा, हमारी नौसेना ने विभिन्न हॉटस्पॉट में समुद्री डकैती, हथियार, ड्रग तस्करों और गैर-सरकारी तत्वों के मंसूबों को नाकाम कर दिया है। ओमान की खाड़ी से लेकर अदन की खाड़ी तक, स्वेज से लेकर मलक्का तक और ऑस्ट्रेलिया से लेकर मेडागास्कर तक, भारतीय नौसेना आईओआर में शुद्ध सुरक्षा प्रदाता की आवश्यक भूमिका निभा रही है। भारत, अपने मित्र देशों के साथ, यह सुनिश्चित करने में विश्वास करता है कि क्षेत्र में समुद्री व्यापार सुरक्षित और संरक्षित रहे, जिससे समुद्र के पार निर्बाध व्यापार को बढ़ावा मिले। श्री सिंह ने कहा कि सबसे पहले कार्रवाई करने वाले बल के रूप में भारतीय नौसेना क्षेत्र में अपने मित्रों को त्वरित और समय पर मानवीय सहायता तथा आपदा राहत प्रदान करने के लिए हमेशा तैयार रहती है। क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास (सागर) के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए भारतीय नौसेना की प्रतिबद्धता को दोहराते हुए रक्षा मंत्री ने इस दृष्टिकोण को भारत की समुद्री नीति की रीढ़ बताया, जिसका उद्देश्य हिन्द महासागर में शांति, स्थिरता और आर्थिक समृद्धि को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा, ''सागर सामूहिक सुरक्षा, समुद्री सहयोग और सतत विकास के प्रति भारत की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इस प्रतिबद्धता में हमें हमेशा रूस का समर्थन मिला है। श्री सिंह ने विश्वास व्यक्त किया कि नई ऊर्जा और उत्साह के साथ भारत और रूस आने वाले समय में अपने सहयोग की पूरी क्षमता का एहसास करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि दोनों देश न केवल सहयोग के मौजूदा क्षेत्रों को मजबूत करेंगे, बल्कि नए और अनछुए क्षेत्रों में काम करने को भी प्राथमिकता देंगे। उन्होंने कहा, ''आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, अंतरिक्ष अन्वेषण और आतंकवाद निरोध जैसे क्षेत्रों में एक-दूसरे की विशेषज्ञता का लाभ उठाकर भारत और रूस सहयोग के एक नए युग में प्रवेश करेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने परियोजना में शामिल सभी लोगों, विशेष रूप से शिपयार्ड श्रमिकों, सभी रूसी और भारतीय मूल उपकरण निर्माताओं को उनके असाधारण कार्य, रूसी प्रणालियों के साथ भारतीय प्रणालियों के दोषरहित एकीकरण और इस परियोजना में प्राप्त गुणवत्ता क्षमता उन्नयन में योगदान के लिए बधाई दी। समारोह की शुरुआत जहाज के चालक दल और रूस के बाल्टिक बेड़े के चालक दल के कर्मियों द्वारा प्रस्तुत एक प्रभावशाली संयुक्त गार्ड ऑफ ऑनर के साथ हुई। तुशिल के कमांडिंग ऑफिसर ने प्रतीकात्मक रूप से अपने रूसी समकक्ष से औपचारिक जहाज का बैटन स्वीकार किया। उन्होंने नौसेना प्रमुख द्वारा उन्हें संबोधित जहाज के कमीशनिंग वारंट को पढ़ा। जहाज को भारतीय नौसेना के ध्वज को फहराने के साथ कमीशन किया गया। इस अवसर पर रूसी उप रक्षा मंत्री अलेक्जेंडर वासिलीविच फोमिन, कैलिनिनग्राद के गवर्नर एलेक्सी सर्गेयेविच बेसप्रोज़वन्नीख, रूसी नौसेना के कमांडर-इन-चीफ एडमिरल अलेक्जेंडर एलेक्सेयेविच मोइसेयेव, रूस में भारत के राजदूत विनय कुमार, रूसी नौसेना के बाल्टिक बेड़े के कमांडर वाइस एडमिरल व्लादिमीर वोरोब्योव, भारतीय और रूसी सरकारों, नौसेनाओं और उद्योगों के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

सबसे ज्यादा पराली मध्य प्रदेश में जली

भोपाल । पराली जलाने वाले प्रदेशों में मध्य प्रदेश सबसे अव्वल है। रवी सीजन के पहले खरीफ की कटाई मध्य प्रदेश में हुई। 15 सितंबर से 30 नंबर के बीच में मध्य प्रदेश में 16360 मामले पराली जलाने के दर्ज हुए हैं। जो पिछले वर्ष की तुलना में 30 फ़ीसदी अधिक हैं। पिछले साल की तुलना में पंजाब में 66 फ़ीसदी, हरियाणा में 38 फ़ीसदी पराली जलाने के मामले कम हुए हैं। वही मध्य प्रदेश में 30 फ़ीसदी बढ़ गए हैं। यह चिंता का विषय है। मध्य प्रदेश पहली बार अन्य राज्यों के मुकाबले पराली जलाने के मामले ज्यादा दर्ज हुए हैं। पंजाब और हरियाणा सरकार द्वारा पराली किसान नहीं जलाएं।

इसके लिए सरकारी स्तर पर प्रयास हो रहे हैं। मध्य प्रदेश में अभी पराली जलाने से रोकने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं होने के कारण, यहां पर पराली जलाने की घटनाएं ज्यादा हो रही हैं।

जिन जिलों के किसानों ने सबसे ज्यादा पराली जलाई है। उनमें श्योपुर, जबलपुर और होशंगाबादमें सबसे ज्यादा मामले दर्ज हुए हैं।

संक्षिप्त समाचार

खरगे ने सोनिया को जन्मदिन पर दी बधाई

नई दिल्ली । कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष तथा पार्टी संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी को जन्मदिन पर बधाई दी है। श्री खरगे ने कहा कि श्रीमती गांधी का जीवन सबके लिए प्रेरणा स्रोत है और उनकी कार्यशैली लाखों लोगों को प्रेरणा देती रही है। गरिमामय स्वभाव और शालीनता से काम करने के अपने तरीके से उन्होंने असंख्य लोगों को हाशिए से मुख्य धारा में जोड़ने का काम किया है। उन्होंने कहा कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी जी को उनके जन्मदिन पर हार्दिक बधाई। उन्होंने श्रीमती गांधी को गरीबों का मसीहा बताया और कहा हाशिए पर पड़े लोगों के अधिकारों की सच्ची हिमायती, विपरीत परिस्थितियों में भी अत्यंत शालीनता, गरिमा और साहस का परिचय देने वाली, सार्वजनिक जीवन में उनके योगदान ने लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मैं उनके दीर्घायु और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूँ।

सोनभद्र में मोटरसाइकिल दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

सोनभद्र । जिले के कोन-तेलुगुडुवा मार्ग पर मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर खाई में गिर जाने से, उस पर सवार तीन युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि रविवार शाम करीब सात बजे हुई दुर्घटना के दौरान तीनों मोटरसाइकिल सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। मृतकों की उम्र करीब बीस साल थी। पुलिस क्षेत्राधिकारी हर्ष पांडे ने बताया, ''बिलरुआ गांव के पास एक मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई, जिससे उस पर सवार तीन युवक घायल हो गए। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और सभी को अपने सरकारी वाहन से कोन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।' कोन थाने के प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता ने बताया कि तीनों मोटरसाइकिल सवारों में से किसी ने भी हेलमेट नहीं पहना था। पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की कानूनी कार्यवाही की जा रही है।

हंगामे के कारण नहीं दे पाये रेल मंत्री चर्चा का जवाब

नई दिल्ली । लोकसभा में विपक्षी दलों के सदस्यों के हंगामे के कारण दो बार के स्थगन के बाद तीसरी बार दो बजे सदन की कार्यवाही शुरू होते ही जब रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रेल संशोधन विधेयक पर चर्चा का जवाब देने लगे तो विपक्षी सदस्यों ने भारी हंगामा किया, जिसके कारण सदन की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की कार्यवाही दो बार पहले के स्थगन के बाद भोजनावकाश के बाद जैसे ही शुरू हुई, विपक्षी सदस्यों ने पहले की तरह हंगामा शुरू कर दिया। श्री वैष्णव ने जवाब देने का प्रयास किया लेकिन हंगामा बढ़ने लगा और पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने सदन की कार्यवाही तीन बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे सदन के समवेत होने पर अध्यक्ष ओम बिरला के आसन पर आते ही विपक्षी सदस्य अपने स्थानों से उठ कर कुछ मुद्दे उठाने लगे तो श्री बिरला ने सदस्यों से पूछा कि क्या वे सदन नहीं चलने देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि प्रश्नकाल में किसी विषय को नहीं उठाया जाता है। श्री बिरला ने सदन की कार्यवाही शुरू होने के तत्काल बाद 12 बजे तक स्थगित कर दी। एक बार के स्थगन के बाद 12 बजे जैसे ही सदन शुरू हुआ, पीठासीन अधिकारी संध्या राय ने शोरगुल के बीच ही आवश्यक दस्तावेज सदन के पटल पर रखवाये और हंगामा कर रहे सदस्यों से अपने-अपने स्थान पर बैठने की अपील की। विपक्षी सदस्यों पर इसका कोई असर नहीं हुआ और शोरगुल जारी रहा तो उन्होंने सदन की कार्यवाही अपराह्न दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

संसद परिसर में अडानी मुद्दे पर विपक्ष का प्रदर्शन

नई दिल्ली । कांग्रेस तथा इंडिया समूह के अन्य दलों के नेताओं ने सोमवार को संसद भवन परिसर में अडानी मामले को लेकर प्रदर्शन किया और सरकार से संसद में इस मुद्दे पर व्यापक चर्चा कराने की मांग की। संसद की कार्यवाही शुरू होने से ठीक पहले विपक्षी सदस्य मकर द्वार के पास एकत्रित हुए और सरकार से इस मुद्दे पर चर्चा करने की मांग करते हुए नारेबाजी करने लगे। इस दौरान विपक्षी सदस्य हाथों में उद्योगपति अडानी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे के कट आउट लेकर प्रदर्शन कर रहे थे और अडानी मोदी एक है के नारे लगाते हुए अपना विरोध प्रदर्शित कर रहे थे। विरोध प्रदर्शन में राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ ही गठबंधन के विभिन्न दलों के नेता शामिल हुए। कांग्रेस ने इस बारे में जानकारी देते हुए कहा, अडानी महाघोटाला और मणिपुर के चिंताजनक हालात पर मोदी सरकार की खामोशी को लेकर इंडिया समूह के नेताओं ने संसद परिसर में आज विरोध प्रदर्शन किया।

राजस्थान- टोंक में पुलिस कांस्टेबल के साथ मारपीट

जयपुर । राजस्थान के टोंक जिले में एक थाने के बाहर मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति ने पुलिस कांस्टेबल के साथ कथित तौर पर मारपीट की। एक अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। थानाधिकारी भंवरलाल ने बताया कि आरोपी मानसिक रूप से बीमार है और वह अचानक आक्रामक हो गया था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने थाने के बाहर मौजूद कांस्टेबल को धक्का दिया, जिसके बाद उसे पकड़कर थाने के अंदर ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी के परिवार के सदस्यों को थाने बुलाया गया और उसे उनके साथ ही भेज दिया गया। उन्होंने बताया, मानसिक रूप से बीमार व्यक्ति अदालत के एक दस्तावेज के बारे में पूछताछ करने के लिए थाने आया था। थाने के बाहर उसकी कांस्टेबल से कहासुनी हो गई और वह अचानक आक्रामक हो गया, जिसके बाद वह मारपीट करने लगा।